26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 20 जनवरी, 2026

अंक- 88 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16


# अब नितिन नबीन मेरे बॉस- मोदी



**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि अगले 25 वर्ष में विकसित भारत का निर्माण होना तय है और इस महत्वपूर्ण कालखंड के प्रारंभ में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का नेतृत्व नितिन नबीन जैसा युवा नेता संभाल रहा है। श्री मोदी ने पार्टी के मुख्यालय पर आयोजित भाजपा संगठन पर्व समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसी समारोह में श्री नबीन ने पार्टी के अध्यक्ष पद का दायित्व संभाला। वह सोमवार को संगठनात्मक चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किये गये। श्री मोदी ने कहा, 'अगले 25 वर्ष भारत के लिए एक महत्वपूर्ण कालखंड है। इसमें विकसित भारत का निर्माण होना है।' उन्होंने जोर देकर कहा, 'विकसित भारत का निर्माण होना तय है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री नबीन एक तरह से मिलेनियल जेनरेशन के हैं और उन्होंने अपने आँखों के सामने भारत में बहुत बड़े बदलाव होते देखा है।

श्री मोदी ने कहा कि उनके लिए यह बड़ी बात नहीं है कि वह शासनाध्यक्ष कहे जाते हैं, बल्कि उनके जीवन में उनके लिए सबसे बड़े गर्व बात है कि वह भाजपा के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि बीते कई महिनों से पार्टी की छोटी इकाई से लेकर अध्यक्ष के चुनाव की व्यापक प्रक्रिया शत-प्रतिशत लोकतांत्रिक तरीके से और पार्टी की संविधान की भावना के साथ संपन्न हुआ है। चुनाव प्रक्रिया के विधिपूर्वक समापन पर पार्टी ने आज संगठन पर्व का आयोजन किया। इससे पहले श्री मोदी ने पार्टी के नये अध्यक्ष को दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक दल का अध्यक्ष चुने जाने के लिए बधाई दी और उनके गले में गमछा डालकर उनका स्वागत किया।

**नितिन नबीन ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। वह पार्टी के 12वें अध्यक्ष बने हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी उन्हें बधाई दी। पीएम मोदी ने पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नितिन नबीन जी मेरे बॉस हैं, मैं उनका कार्यकर्ता हूं। अब नितिन नबीन जी हम सभी के अध्यक्ष हैं और उनका दायित्व सिर्फ भाजपा को संभालना ही नहीं है, एनडीए के सभी साथियों के बीच तालमेल का दायित्व भी देखना है।**




# 3 दिन में सरेंडर करो नहीं तो...

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** बीते साल दिसंबर के अंत में शुरू हुए प्रदर्शनों ने ईरान को हिलाकर रख दिया था। अब ये प्रदर्शन लगभग शांत हो गए हैं और खामेनेई शासन ने 'दंगाइयों' पर कार्रवाई शुरू कर दी है। ईरान के शीर्ष पुलिस अधिकारी ने सोमवार को उन प्रदर्शनकारियों को अल्टीमेटम जारी किया, जिन्हें अधिकारी 'दंगाई' बता रहे हैं। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसे प्रदर्शनकारियों को तीन दिनों के भीतर सरेंडर करना होगा, नहीं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, ईरान की सरकार ने उन आर्थिक कठिनाइयों से निपटने का भी वादा किया है, जिनकी वजह से ये प्रदर्शन भड़के। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि इन प्रदर्शनों को कुचलने के लिए की गई कार्रवाई में हजारों लोग मारे गए हैं। ईरान के हालिया प्रदर्शन हाल के सालों में ईरानी नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। बढ़ती महंगाई और ईरानी मुद्रा में भारी गिरावट की वजह से शुरू हुए प्रदर्शन जल्द ही खामेनेई शासन को हटाने की मांग पर अड़ गए। ईरान ने प्रदर्शनों पर काबू पाने के लिए इंटरनेट बैन कर दिया और अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल्स पर भी पाबंदी लगा दी। इस वजह से प्रदर्शनों और हिंसा की पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आ सकी है। हालांकि, ईरानी अधिकारी कह रहे हैं कि देशभर में धीरे-धीरे इंटरनेट सेवाएं बहाल की जाएंगी।





## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**बुधवार, 21 जनवरी 2026**

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कार्य व्यवसाय में उन्नति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि, शिक्षा प्रतियोगिता में अनुकूलता।

वृषभ- आज दिन 4/41 बजे तक कठिनाइयां, कार्यों के प्रति उदासीनता, योजना अधूरी, शेष समय बेहतर, परोपकार की भावना जागृत, कुछेक कार्य बनने को।

मिथुन- आज दिन 4/41 बजे तक लाभ का सुयोग, स्वाध्याय की ओर रुझान, धर्म-अध्यात्म में आस्था, शेष समय अशुभ, सफलता में संदेह, आय में न्यूनता।

कर्क- स्वास्थ्य अनुकूल, इच्छित कार्यों में प्रगति, आत्मबल में वृद्धि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, विवादास्पद मसला सुलझने को, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति।

सिंह- इच्छित कार्यों में सफलता, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, यात्रा सुखद।

कन्या- आज दिन 4/41 बजे तक प्रतिकूलता, उलझनें उपस्थित, कार्यों में गतिरोध, हानि की आशंका, शेष समय आशाजनक, कार्यों में सफलता, पठन-पाठन में रुचि।

तुला- आज दिन 4/41 बजे तक अनुकूलता, स्वास्थ्य में सुधार, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, शेष समय में स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कार्य क्षमता में कमी, मित्रों से गलतफहमी।

वृश्चिक- अभिलाषा की पूर्ति, स्वास्थ्य सुधार पर, व्यापार में धन निवेश, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, वैवाहिक जीवन सुखमय।

धनु- चिरवांछित कार्यों में प्रगति, समस्या के समाधान हेतु स्वजनों से विचार-विमर्श, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, हर्ष भी।

मकर- आज दिन 4/41 बजे तक स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कठिनाइयां प्रभावी, लाभ में कमी, शेष समय बेहतर, आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, पठन-पाठन में रुचि।

कुम्भ- आज दिन 4/41 बजे आर्थिक व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, शेष समय आरोग्य सुख में कमी, कार्यों में असन्तोष, अकारण भ्रमण।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य पक्ष में, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, राजनैतिक कृत्यों में संलग्नता, यात्रा संतोषजनक।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# आत्मविश्वास, सही रणनीति और सकारात्मक सोच से सफलता सुनिश्चित

आईसीएसई बोर्ड परीक्षा 17 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रही है। यह समय विद्यार्थियों के लिए अपने ज्ञान, परिश्रम और संकल्प को सशक्त रूप से प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है। सीमित समय में भी यदि पढ़ाई सही दिशा, संतुलित योजना और सकारात्मक सोच के साथ की जाए, तो सभी विषयों में उत्कृष्ट सफलता निश्चित है।

सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल, हल्दौर (बिजनौर) के विज्ञान शिक्षक श्री प्रकाश पंकज ने बोर्ड परीक्षार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाएं केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों के आत्मअनुशासन, निरंतर प्रयास और एकाग्रता की वास्तविक परीक्षा होती हैं। हर विषय में सफलता के लिए अवधारणाओं की स्पष्ट समझ, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिका में साफ-सुथरे, क्रमबद्ध और बिंदुवार उत्तर लिखना आपके ज्ञान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है और परीक्षक पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। 15 मिनट का रीडिंग टाइम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत मूल्यवान होता है- इसी समय प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर अपनी रणनीति तय करें। पहले उन प्रश्नों को हल करें जिन पर पूरा भरोसा हो, इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और शेष प्रश्न भी सरल लगने लगते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि समय प्रबंधन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। कठिन प्रश्नों को अंत के लिए सुरक्षित रखें और उत्तरों की जांच के लिए कुछ समय अवश्य बचाएं। यह छोटी-सी आदत आपके परिणाम को और बेहतर बना सकती है।

डिजिटल युग में भटकाव से सावधान रहने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि रील्स और शॉर्ट वीडियोज़ क्षणिक आकर्षण तो देती हैं, लेकिन लक्ष्य से दूर ले जाती हैं।



मोबाइल को बाधा नहीं, बल्कि सीखने का साधन बनाएं। नियमित अध्ययन, पर्याप्त नींद और सकारात्मक दिनचर्या से मन और मस्तिष्क दोनों सशक्त बनते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि तुलना नहीं, आत्मविश्वास अपनाएं। रील्स में दिखाई देने वाली चमक-दमक वास्तविक जीवन नहीं होती। अपनी तुलना किसी और से नहीं, बल्कि अपने बीते हुए कल से करें। हर दिन थोड़ा बेहतर बनने का प्रयास ही सच्ची सफलता का मार्ग है। अपने लक्ष्य को प्रतिदिन याद रखें और उसे अपने जीवन का मार्गदर्शक बनाएं।

अंत में उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि परिवार और शिक्षक आपकी सबसे बड़ी शक्ति हैं। यदि कभी तनाव या असमंजस महसूस हो, तो खुलकर संवाद करें। माता-पिता और शिक्षकों का मार्गदर्शन आत्मबल को बढ़ाता है और कठिन रास्तों को आसान बना देता है। बोर्ड परीक्षार्थी यह दृढ़ संकल्प लें कि वे क्षणिक मनोरंजन को नहीं, बल्कि अपने उज्ज्वल भविष्य को प्राथमिकता देंगे और आज की मेहनत से कल को गौरवशाली बनाएंगे।



**-प्रकाश पंकज**
हल्दौर

## सफलता के प्रेरक सूत्र-

1. हर विषय की अवधारणाओं को स्पष्ट रूप से समझें।
2. रीडिंग टाइम में शांत मन से पूरी रणनीति बनाएं।
3. पहले आत्मविश्वास वाले प्रश्न हल करें।
4. उत्तर साफ, क्रमबद्ध और बिंदुओं में प्रस्तुत करें।
5. समय का संतुलित उपयोग करें, उत्तरों की जांच अवश्य करें।
6. मोबाइल को मात्र सीखने का साधन बनाएं, भटकाव से दूर रहें।
7. एक घंटे या दो घंटे अध्ययन के बाद 10 मिनट विश्राम लें।
8. पर्याप्त नींद, सकारात्मक सोच और स्वयं पर विश्वास बनाए रखें।

## अंग्रेजी विषय के बोर्ड परीक्षार्थियों के लिये आवश्यक सुझाव

# स्पेलिंग और ग्रामर का ध्यान रखें

**-केशव शरण**
अंग्रेजी प्रवक्ता



**नांगल सोती (चिंगारी)।** 18 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र., प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षायें शुरू हो रही हैं। वर्तमान में प्री-बोर्ड परीक्षायें चल रही हैं, जिन्हें इस बार पूरी तरह बोर्ड - परीक्षाओं का ही लुक दिया गया है। परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे हुए हैं। मेहनत तो सभी परीक्षार्थी करते हैं, लेकिन उस मेहनत को सही दिशा मिल जाये, तो वह मेहनत परीक्षार्थी के लिये ज्यादा उपयोगी सिद्ध होती है।

राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल के अंग्रेजी प्रवक्ता केशव शरण ने बोर्ड परीक्षार्थियों को शुभकामनायें देते हुए उन्हें अच्छे प्रदर्शन के लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये हैं। उनके सुझाव इंटरमीडिए अंग्रेजी विषय की परीक्षा की तैयारी में जुटे परीक्षार्थियों के लिये काफी लाभदायक साबित हो सकते हैं।

प्रवक्ता केशव शरण का सुझाव है कि परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र को चार भागों - रीडिंग, राइटिंग, ग्रामर और लिटरेचर में विभाजित करें।

**1. सामान्य सुझाव**
**प्रश्न-पत्र को ध्यान से पढ़ें और सभी निर्देश भलीभांति समझ लें।**

**समय का सही प्रबंधन करें**
प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिये 15 मिनट लगायें , लिखने के लिये 45 मिनट लें और शेष समय लिटरेचर (साहित्यिक रचना) के लिये उपयोग करें।

साफ-सुथरी और स्पष्ट हैंडराइटिंग (हस्तलेखन) में उत्तर लिखें। रोल नंबर और प्रश्न संख्या सही-सही लिखें।

**2. रीडिंग सेक्शन**- अनसीन पैसेज पहले पूरा पढ़ें। उत्तर अपने शब्दों में लिखने का प्रयास करें। स्पेलिंग और ग्रामर का विशेष ध्यान रखें।

**3. राइटिंग सेक्शन**- लेटर, एप्लीकेशन, रिपोर्ट, आर्टिकल में फॉर्मेट (प्रारूप) बहुत महत्वपूर्ण है। भाषा सरल, औपचारिक और विषयानुसार हो। वर्ड लिमिट का पालन करें।

**अनावश्यक सजावट से बचें।**

**4. लिटरेचर सेक्शन**- आंसर को प्वाइंट - वाइज लिखें। बहुत लम्बे उत्तर तो न लिखें, मगर उत्तर में मुख्य बिंदु अवश्य शामिल हों।

कोटेशन (उदाहरण) लिखते समय लेखक / कवि का नाम सही लिखें।

**5. ग्रामर टिप्स**- सेंटेंस (वाक्य) को पहले मन में बनायें, फिर लिखें। सामान्य गलतियों यथा सब्जेक्ट- वर्ब एग्रीमेंट, आर्टिकल्स, प्रीपोजिशंस से बचें।

6. अंतिम 10 मिनट में उत्तर पुस्तिका को दोबारा जांचें। स्पेलिंग, नंबरिंग और छोड़े गये प्रश्न देखें। एक्स्ट्रा रफ वर्क काट दें।

# सराय आलम में घर के ताले तोड़कर चोरी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** चोरों ने गत रात्रि ग्राम सराय आलम के एक बंद घर को निशाना बनाते हुए ताले तोड़कर जेवर-नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस गांव में पूर्व में भी कई बंद घरों में चोरी हो चुकी है।

नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम सराय आलम में मुख्य मार्ग के किनारे प्रवीन सिंह का घर स्थित है, जो नई टिहरी (उत्तराखंड) में रहकर काम करता है। घर पर प्रवीन की पत्नी सुधा तथा पुत्री भारती ही रहते हैं। प्रवीन सिंह की एक विवाहित पुत्री सविता पत्नी श्यामलाल का घर क्षेत्र के ही ग्राम चंदोक में स्थित है, जिसकी तबीयत थोड़ी खराब चल रही थी। कल शाम साढ़े पांच बजे मां-बेटी चंदोक में सविता का हालचाल जानने गई थीं। रात्रि में चोरों ने घर के मेन गेट का ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़कर लॉकर में रखे जेवरात चोरी कर लिये। प्रवीन सिंह की पुत्री भारती ने बताया कि उसकी जानकारी के अनुसार चोर दो जोड़ी पाजेब, सोने का ओम, सोने की तबीजी चोरी करके ले गये हैं। बाकी सामान उसकी भाभी सर्वेश यहां आकर बतायेगी, जो उसके भाई आसेन्द्र के साथ हरिद्वार में रहती है। इसके अलावा चोर उसी कमरे में रखे बड़े संदूक के ताले तोड़कर पीतल के बर्तन चुराकर ले गये। छोटे संदूक से तीन साड़ी तथा 6 जोड़ी पैंट-शर्ट के कपड़े चुराकर ले गये। जबकि दूसरे कमरे का ताला तोड़कर वहां रखी मिट्टी की गुल्लक को तोड़कर उसमें रखी चार हजार की नकदी तथा बैग में रखे 2 हजार रूपये चुराकर ले गये। सूचना पर थानाध्यक्ष पवन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मां-बेटी से घटना की जानकारी हासिल की। थानाध्यक्ष का कहना है कि घटना का खुलासा जल्द ही किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि ग्राम सराय आलम में पिछले एक-डेढ़ साल में कई बंद घरों को निशाना बनाया जा चुका है। कुछ मुकदमे दर्ज हुए और प्रकरण कुछ बिना लिखापढ़ी के ही रह गये। चोर इस गांव में बंद घरों को ही निशाना बना रहे हैं।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैंने अपने पुत्र शाहनवाज व उसकी पत्नी लाईबा शेख से तंग आकर उनसे अपने समस्त संबंध समाप्त करके उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र शाहनवाज व उसकी पत्नी के द्वारा किये गये किसी भी कार्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-मुख्तार अंसारी पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी फुरकान बाग कालोनी, सिरधनी रोड, बिजनौर**

## मंदबुद्धि युवती के साथ रिश्तेदार ने किया दुष्कर्म

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम में 21 वर्षीय मंदबुद्धि युवती से उसके दूर के रिश्तेदार द्वारा जंगल में दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़िता की मां की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार युवती का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है तथा मामले की जांच जारी है। फिलहाल आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

## पत्नी के खून से रंगे हाथ पति को आजीवन कारावास

बिजनौर ( चिंगारी )। चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निजेन्द्र कुमार ने पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन काराकास एवं 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पवार के अनुसार स्योहारा थानांतर्गत ग्राम सदाफल निवासी सोमपाल पुत्र झुन्डू सिंह का पुत्र जानी 8 जनवरी 2023 को अपनी पत्नी प्रियंका के साथ ऊपर कमरे में सोया हुआ था। रात्रि करीब साढ़े ग्यारह बजे उसका पुत्र जानी उसके पास आया और बोला कि उसका अपनी पत्नी प्रियंका के साथ झगड़ा हो गया था, मैंने प्रियंका को गला घोंटकर मार दिया है। घटना के समय उसके दो नाबालिग बच्चे भी थे। प्रियंका घटना से कुछ समय पहले ही अपने मायके से आई थी। जानी के पिता सोमपाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निजेन्द्र कुमार ने पत्नी की हत्या का अपराध सिद्ध होने पर हत्याभियुक्त पति जानी को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा न करने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## ईदगाह कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल गफ़्फ़ार का इंतेक़ाल


अब्दुल गफ़्फ़ार का फ़ाइल फ़ोटो।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला गांधीनगर निवासी ईदगाह कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल गफ़्फ़ार अंसारी पैजनिया वालों का सोमवार को लंबी बीमारी के बाद 77 वर्ष की उम्र में इंतक़ाल हो गया। उनकी तदफ़ीन जोहर की नमाज़ के बाद अमल में आई। उनकी नमाज़-ए- जनाजा तबलीग जमात के जिला सदर मौलाना शरीफ मकसूदपुरी ने पढ़ाई। उनके जनाज़े में ईदगाह कमेटी के मौजूदा सदर हाजी मोहम्मद महमूद उल हसन अंसारी, नायब सदर मास्टर मोहम्मद इलियास मिकरानी, कोषाध्यक्ष हाजी नफीस अहमद मंसूरी, सचिव हाजी मोहम्मद खालिद मिकरानी, पूर्व चेयरमैन हाजी इरशाद अली अंसारी, शहर इमाम मौलाना मोहम्मद अली खादिमी, मौलाना मोहम्मद फुरकान, मौलाना मोहम्मद सलमान, मुफ्ती मोहम्मद नवेद, हकीम असरारुल हक नूरपुरी, पूर्व राज्यमंत्री हाजी कुतुबुद्दीन अंसारी, व्यापारी नेता तसलीम इदरीसी, बाबू प्रधान, हाजी वकार अहमद सहित बड़ी संख्या में उलेमा, समाजसेवी व नागरिक मौजूद रहे। चिंगारी परिवार हाजी अब्दुल ग़फ़्फ़ार की मग़फ़िरत की दुआ करता है।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है!

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## बयान के पीछे बाज़ार

तब बहुत कोफ्त होती है कि धर्मगुरु, धार्मिक विद्वान और जनप्रतिनिधि कहलाये जाने वाले महानुभाव जब बेसिर पैर की ऊल-जलूल बातें करते हैं। इस क्रम में कुछ समय पहले चर्चित संत श्री श्री रविशंकर ने कहा था कि सरकारी स्कूल बंद कर दिये जाने चाहिएं क्योंकि वहां 'नक्सली' पैदा होते हैं और समाज का जो सभ्य तबका सामने आ रहा है, वह निजी स्कूलों की देन है। उनके इस बयान का सीधा सा लक्ष्य शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत मानवीय आवश्यकताओं को बाजार की उन ताकतों के हवाले कर देना है, जिनके लिए यह क्षेत्र बिजनेस और मुनाफे से अधिक कोई अर्थ नहीं रखते। इस तरह से यह बयान देश के उस कार्पोरेट क्षेत्र के समर्थन में खड़ा है, जिसने शिक्षा को इस देश का सबसे अधिक मुनाफे वाला व्यवसाय बनाने में कुछ उठा नहीं रखा है और अब इस पर शतप्रतिशत नियंत्रण चाहता है। यह किसी से छिपा नहीं है कि प्राय: बिना उचित संसाधनों और प्राध्यापकों के निजी इंजीनियरिंग व मेडिकल शिक्षा की दुकानों की देश में कितनी भरमार है और अब जब युवा पीढ़ी उनकी लूट के चलते उधर से भी मुंह फेर रही है तो ऐसे शिक्षा माफियों का निशाना अब पूरी तरह से वह प्राथमिक शिक्षा है जो हर आम-ओ-खास अपने बच्चों को हर हाल में देने का प्रयास करता है। श्री श्री रविशंकर के इस बयान का सीधा सा अर्थ प्राथमिक स्तर पर भी शिक्षा के नाम पर आम आदमी को लूटने वालों को समर्थन देना है। श्री श्री रवि शंकर को यह भी बताना चाहिए कि जिस देश की आधी आबादी गरीबी की रेखा के नीचे रह रही हो और भुखमरी की शिकार हो, वह कैसे प्राथमिक स्तर पर भी तेजी से खुल रही शिक्षा की दुकानों से महंगी शिक्षा पा सकेगी। कौन नहीं जानता कि निजी क्षेत्र में भी जनता को हर स्तर पर लूटा जा रहा है और वहां भी सरकारी क्षेत्र के मुकाबले दसियों गुना अधिक भ्रष्टाचार है। सवाल यह उठता है कि भ्रष्टाचार, कालेधन और प्रशासनिक बदलावों के बाद इन संतों को आखिर शिक्षा जैसे विषयों पर बोलने की जरूरत क्यों आन पड़ी? इन संतों ने शायद ही कभी बाजार की लूट, राज्य सरकारों में व्याप्त भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का खुल कर विरोध किया हो?

# राजनीतिक शुचिता और क़ानून का सदुपयोग


डा. सुधाकर आशावादी

सत्ता अगर चाहे तो क्या कुछ नहीं कर सकती, वह चाहे तो भू माफियाओं के साम्राज्य को चंद मिनटों में ध्वस्त कर सकती है। भ्रष्टाचारी कार्यपालिका के भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों को मात्र दो या पांच हजार रुपये रिश्वत लेने पर जेल के सींखचों में बंद कर सकती है, न चाहे तो लाखों रुपये का कमीशन खाकर सरकार को बदनाम करने वाले भ्रष्टाचार के अजगरों को देखकर भी अपनी आंखें बंद कर सकती है। बात केवल राजनीतिक शुचिता एवं कानून के सदुपयोग के संकल्प की है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरानगर में सेना के मेजर बिपिनचंद्र भट्ट के उत्तराधिकारियों ने स्वप्न में भी कल्पना न की होगी, कि उनके पिता के निधन के लगभग बत्तीस वर्ष बाद किसी मुख्यमंत्री के कठोर रुख के चलते उनका मकान दबंग संपत्ति माफिया से मुक्त होकर उन्हें मिल जाएगा, किन्तु ऐसा हुआ, मुख्यमंत्री से शिकायत करने के चौबीस घंटे के भीतर ही कार्यवाही हो गई। सुशासन का इससे बड़ा प्रमाण क्या हो सकता है। यह एक उदाहरण मात्र है। उत्तर प्रदेश में भूमाफिया एवं अराजकतत्वों में मुख्यमंत्री का खौफ कायम है। आम आदमी यह जानता भी है, कार्यपालिका भी समझती है, किन्तु अपनी भ्रष्ट हरकतों से बाज नहीं आती। राजस्व विभाग में कभी भूमि की पैमाइश के नाम पर, कभी नाम की त्रुटि दूर करने के नाम पर पत्रावलियां लंबित होकर, कभी लेखपाल, कभी कानूनगो, कभी किसी अन्य अधिकारी के इर्द-गिर्द भटकती रहती हैं, जिनके निस्तारण हेतु खेल किया जाता रहता है। ऐसा नहीं है, कि भ्रष्टकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती, कार्रवाई होती है, मगर किसी को सबक नहीं मिलता। भ्रष्टाचार के चलते आम आदमी अपने अधिकारों को सुरक्षित रखने में असमर्थ रहता है। समस्या यह है कि आम आदमी की पहुंच मुख्यमंत्री तक होती ही नहीं। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत पर भी समय से समाधान नहीं होता। अधिकारीगण लीपापोती अधिक करते हैं। ऐसी स्थिति केवल उत्तर प्रदेश में नहीं है। पूरे देश का यही हाल है। सरकार अपनी सुदृढ़ छवि निर्मित करने के लिए सजग रहती है, किन्तु उसके अधीन भ्रष्ट विधायक और मंत्री प्रशासन को अपने इशारे में चलाने के प्रयास में जनसमस्याओं के समाधान अवरोध उत्पन्न करते हैं। आवश्यकता बिना किसी दवाब के कठोर निर्णय लेने की है। सेना के अधिकारी के परिवार को तीस बरस तक अपनी संपत्ति को वापस पाने के लिए कितना संघर्ष करना पड़ा होगा, यह तो वही परिवार जानता है, मगर इतना अवश्य है, कि अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों को यदि सत्ता का साथ मिले, तो उसका सुखद परिणाम आना सुनिश्चित होता ही है।



(विनायक फीचर्स)

# पहले सड़क बनेगी, फिर पाइप लाइन के लिए खोदी जायेगी

**▶▶ मुकेश कबीर**

हमारे मोहल्ले में सीवेज लाइन का बड़ा टोटा था, इसलिए हम झुंड बनाकर म्युनिसिपेलटी के ऑफिस में धमक गये। एक दलाल के माध्यम से सबसे बड़े साब से मिले, क्योंकि वहां दलालों के बिना कुछ होता नहीं है। म्युनिसिपेलटी में दलाल वैसे ही होते हैं, जैसे हाथ ठेले में मजदूर, मतलब मजदूर जितना धक्का मारेगा, ठेला उतना ही आगे बढ़ेगा और यदि कोई धक्का लगाने वाला नहीं है तो ठेला बिजली का खंबा बन जाएगा, एक ही जगह खड़ा रहेगा। इसलिए हमने दलाल की मदद लेना ही बेहतर समझा, ताकि साब को खंबा बनने से रोक सकें। खैर जैसे-तैसे हम साब के सामने पहुंचे और साब से विनती की हुजूर हमारे मोहल्ले में सीवेज लाइन बहुत पुरानी हो चुकी है, इसलिए कई तरह की दिक्कतें आती हैं, यदि हुजूर की इनायत हो जाये तो मोहल्ले के लोगों की सुबह खुशनुमा हो जायेगी। आजकल साब लोगों को हुजूर ही बोलना पड़ता है। अब आपको तो पता ही है कि साब लोग खुद को बादशाह समझकर दीवाने आम में बैठते हैं। आजकल के साब लोग आम आदमी के सामने तो दमदार होते हैं, लेकिन मंत्री जी के सामने दुमदार हो जाते हैं। खैर हम ठहरे आम आदमी, हमारे लिए तो साब के दलाल भी वजीर ए आज़म से कम नहीं, इसलिए साब तो हुजूर होंगे हीं। खैर साब ने हमारी बात गौर से सुनी यह बड़ी मेहरबानी रही साब की, और उनके मोबाइल की भी, वर्ना यदि उसी वक्त उनका मोबाइल कुछ अर्ज कर देता तो साब हमारी क्या सुनते? यदि बड़े ऑफिस से बड़े साब का फोन होता तो तुरंत उठकर चल देते, हमें दलाल के भरोसे छोड़ जाते और यदि घर से मैडम का फोन होता तो भी साब हमारी नहीं सुनते, उनका पूरा टाइम हां-हां और ओके करने में निकल जाता। खैर साब बोले कि आप लोग नई सीवेज लाइन कहां डलवाना चाहते हैं? हमने चौककर कहा मोहल्ले में हुजूर और कहां? फिर कुछ सोचकर साब बोले तुम्हारे मोहल्ले में सड़क पुरानी है या नई? हमने कहा सर सड़क तो बहुत पुरानी है, तो सुनकर साब बोले फिर हम सीवेज लाइन कैसे डाल सकते हैं? हम पाइप लाइन वहीं डालते हैं, जहां सड़क नई बनी होती है, इसलिए पहले सड़क बनवाइये, फिर आइए। हमने कहा हुजूर सड़क बनने के बाद पाइप लाइन डालना तो और मुश्किल होगा, इसलिए आप अभी लाइन डलवा दीजिए, फिर उसके ऊपर सड़क बन जायेगी तो दोनों काम सही हो जायेंगे। साब बोले अब सही गलत तुम हमें बताओगे? तुम्हारे कहने से हम सालों पुरानी परंपरा तोड़ दें। हमारे देश में परंपरा है पहले सड़क बनाई जाती है, फिर उसे खोदकर पाइप लाइन बिछाई जाती है, जैसे तुम्हारी शर्ट के बीच में बटन की लाइन दिखाई देती है न वैसी ही सड़क पर दिखाई देना चाहिए, तभी तुम्हें समझ आता है कि नई पाइप लाइन डाली गई है, तभी हमारा काम तुम्हें दिखाई देगा, इसलिए पहले सड़क बनवाइये फिर इधर आइए। हमने हाथ जोड़कर कहा जहांपनाह रहम करें, सड़क बनवाने के चक्कर में फिर साल-दो साल निकल जायेंगे, तब तक तो बहुत दिक्कत हो जायेगी और वैसे भी पाइप लाइन बिछने के बाद सड़क खोदने से हर जगह खुदा ही नज़र आता है और लोगों के गिरने-पड़ने का डर भी रहता है। इसलिए हम पहले ही आपके पास आ गए, यदि आप पाइप लाइन बिछा दें तो सड़क हम बाद में बनवा लेंगे। खैर इस बार साब ने कोई विरोध नहीं किया और बोले कि एप्लीकेशन दे जाइए मैं दिखवा लूंगा क्या हो सकता है? हम तो एप्लिकेशन देकर आ गए और अब लाख टके का सवाल यही है कि पहले सड़क बनेगी या पहले पाइप लाइन डलेगी। हमारी तो यही विनती है भगवान से कि पहले पाइप लाइन ही बिछे, सड़क उसके बाद बने तो सबका भला होगा, अब देखते हैं साब लोग क्या करते हैं, परंपरा तोड़ते हैं या सड़क, जस्ट वेट, तब तक थोड़ा इंतजार का मज़ा लीजिए ...। (विभूति फीचर्स)



# पीएचसी में मिले गंदगी के अम्बार, डीएम ने लगाई फटकार



पीएचसी का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी जसजीत कौर।

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार को अपराह्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मनगरी एवं स्वाहेड़ी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में सफाई व्यवस्था सही न पाए पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी कौर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मनगरी का निरीक्षण करते हुए उपस्थिति पंजिका चैक करने पर संज्ञान में आया कि सीएचओ वैशाली चौधरी तीन दिन से अनुपस्थित हैं तथा एसएलए मिथिलेश वर्मा तथा स्टाफ नर्स दीक्षा शर्मा के अनुपस्थित पाए जाने पर पीएचसी में कार्यरत फ़ार्मेसिस्ट अख़लाक़ अली द्वारा बताया गया कि नजदीकी गांव में आयोजित स्वस्थ कैंप में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में भारी गंदगी, अस्पताल में पानी की सप्लाई नहीं पाए जाने और बिजली की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था के साथ-साथ अस्पताल में पानी एवं विद्युत की सुचारू रूप से सप्लाई सुनिश्चित कराएं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धर्मनगरी निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आया कि डॉक्टर नरेंद्र कौर जिनकी ड्यूटी अस्पताल में सप्ताह में तीन दिन निर्धारित है, केवल एक ही दिन आती हैं, जिसके कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा पर्याप्त संख्या में स्टाफ न होने के कारण भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लाभ आम लोगों को उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। सफाई न होने के कारण जगह-जगह गंदगी के अंबार पाए जाने पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की समुचित सफाई कराएं और स्वास्थ्य केंद्र में यथासंभव स्टाफ की नियुक्ति अथवा सम्बद्धीकरण करते हुए आमजन को स्वस्थ सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# युवती को अपने साथ ले गया युवक

**नहटौर (चिंगारी)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 18 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला ने आरोप लगाया कि रविवार की रात गांव का ही युवक अजय उसकी पुत्री को अपने साथ ले गया। जब आरोपी पक्ष से इस मामले में जानकारी ली गई तो उन्होंने गाली-गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गए। आरोप है कि इस दौरान युवती के परिजनों को जान से मारने की धमकी भी दी गई। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। युवती की बरामदगी और आरोपी की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

# 4 माह से मानदेय नहीं मिला, कर्मचारियों ने धरना दिया



**नांगल सोती (चिंगारी)।** विकास खंड नजीबाबाद के मंडावली क्षेत्र में स्थित ग्राम राहतपुर में पूर्व में संचालित श्रेया पब्लिक स्कूल के भवन में जल जीवन मिशन योजना का कार्य देख रही वीटीएल कम्पनी का कार्यालय खुला हुआ है। सोमवार को उक्त कार्यालय पर जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कार्य कर रहे कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। धरना दे रहे कर्मचारियों ने कहा कि चार महीने होने को हैं, लेकिन कम्पनी ने उनका मानदेय नहीं दिया है। मानदेय न मिलने से वे और उनके बच्चे पाई-पाई के लिये तरस रहे हैं। इससे पहले वे लोग कई बार जल निगम के बिजनौर स्थित कार्यालय पर भी धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन हर बार झूठा आश्वासन ही दिया गया है। मजबूर होकर उन्हें आज कम्पनी के कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करना पड़ा है। कर्मचारियों ने कहा कि अगर समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। धरना-प्रदर्शन में प्रदीप चौहान, विनीत कुमार, जितेन्द्र कुमार, विशाल कुमार, कृष्ण कुमार, राजीव कुमार, सौरभ कुमार, सहदेव सिंह, प्रियांशु, देशपाल, रिंकू, योगेन्द्र कुमार, अमित कुमार, कपिल कुमार, संदीप कुमार, वीर सिंह सहित नूरपुर, धामपुर, नहटौर, नजीबाबाद ब्लॉक के काफी कर्मचारी शामिल रहे।

# पुण्यतिथि पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर जलाये 430 दीप



**बिजनौर (चिंगारी)।** अद्भुत पराक्रम, शौर्य और राष्ट्रभक्ति की प्रतिमूर्ति वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 430वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को बिजनौर नगर महाराणा प्रताप वाटिका में मुख्य अतिथि राजीव सिसौदिया (जिला प्रभारी अमरोहा भाजपा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष बिजनौर ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। समस्त टीम रसिक चौहान एवं क्षत्रिय सभा समिति बिजनौर के द्वारा 430वीं पुण्यतिथि पर 430 दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में कुंवर रसिक चौहान, महेंद्र सिंह, वीरेश बल, दिनेश चौहान, सुभाष चौहान, कुंवर राजवीर सिंह सभासद, राहुल चौहान, विशेष राजपूत, रजत राजपूत, प्रियांशु चौहान, मुकेश चौहान, नवदीप सिंह, सुनील राजपूत, सुनील चौहान, देवेंद्र पाल सिंह, मोहित कुमार, ज्ञानवीर, रक्षित आदि क्षत्रिय बंधु उपस्थित रहे।

# वन विभाग ने पकड़ी, खैर व शीशम की लकड़ी



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** सोमवार की शाम अमानगढ़ वन रेंज में वनकर्मियों की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शीशम व खैर की लकड़ियों से लदे छोटा हाथी वाहन पकड़ते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया, जिसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अमानगढ़ वन रेंज की क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना के मुताबिक सोमवार शाम वन क्षेत्र की सीमा से सटे थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम मालोनी से एक छोटा हाथी को चालक सहित पकड़ा है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए छोटा हाथी वाहन में अवैध रूप से खैर और शीशम की लगभग 5 कुंतल से अधिक लकड़ियां भरकर ले जाई जा रहीं थीं। पूछताछ के दौरान छोटा हाथी के चालक ने अपना नाम विनोद शुक्ला निवासी ग्राम कासमपुर गढ़ी थाना अफजलगढ़ बताया है। रेंजर अंकिता किशोर ने बताया कि लकड़ियों से भरे वाहन को चालक सहित कब्जे में ले लिया गया है और उसके विरुद्ध वन अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। अवैध लकड़ियों से भरे इस छोटा हाथी वाहन को पकड़ने वाली वनकर्मियों की टीम में वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर सहित वन दरोगा रवि कुमार, बाकर रज़ा आदि शामिल रहे।

# रासेयो शिविर में महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया



**बिजनौर (चिंगारी)।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा तीसरा दिवस बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ व महिला सशक्तिकरण के रूप में मनाया गया। गोष्ठी की मुख्य अतिथि नसीम परवीन ने मिशन शक्ति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बेटियों का शिक्षित एवं स्वालंबी होना अनिवार्य है। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने के लिए समाज के सभी लोगों का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार यादव एवं चंद्रहास सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रेशमा जमाल, सीमा फहीम, रूमा देवी, अपराजिता गुप्ता, कोमल, शुभी, प्रियंका, सुनिधा, पायल, नसीमा, अनीता, जुबेदा, जेबा, लोकेश, पूनम आदि उपस्थित रहीं।

# भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीला सुनाई आयोजकों ने कथा व्यास को मेवायुक्त पगड़ी पहनाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला साहूवान में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पांचवें दिन भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा तथा छप्पन भोग की कथा का वर्णन किया गया।

इस अवसर पर आयोजक परिवार की ओर से कथावाचक आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज महाराज को काजू, बादाम, किशमिश, मखाने और अंजीर युक्त पंचमेवा से तैयार की गई पगड़ी पहनाई गई। पांचवें दिन की कथा व्यास ने बताया कि शिशु की बाल लीलाओं से बढ़कर माता के लिए सुख देने और प्रसन्नता प्रदान करने से बढ़कर संसार का कोई सुख नहीं हो सकता। कथा वाचक ने बताया कि निर्मल मन और स्वच्छ भावना रखने वाले कपट रहित व्यक्ति की भक्ति को ही प्रभु स्वीकार करते हैं। पांचवें दिन की कथा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया, जिसके मुख्य यजमान रविंद्र किशोर गोयल एवं उनकी पत्नी श्वेता गोयल, तापस गोयल, बोना भैया, नित्या गोयल व जयंत गोयल आदि रहे। पूजन कार्यक्रम आचार्य पंडित वैभव कृष्ण भारद्वाज ने मंत्रोच्चारण के बीच संपादित कराया।


राधा कृष्ण का स्वरूप धारण किए हुए बाल कलाकार।

# 50 लाख रुपये लगाकर केएम कॉलेज में कराये जायेंगे विकास कार्य

**धामपुर ( चिंगारी )।** केएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र ने बताया कि शासन द्वारा प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत स्वीकृत 37 लाख 50 हजार रुपए की धनराशि में 12 लाख 50 हजार विद्यालय के फंड से मिलकर 50 लाख रुपए की धनराशि से विद्यालय में विकास कार्य कराया जाएगा। इसकी कार्य योजना बना ली गई है। उन्होंने आज प्रातः चिंगारी को एक भेंट वार्ता में बताया कि कॉलेज के मेंन गेट से प्रधानाचार्य के कार्यालय तक सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा मेन रोड से पुस्तकालय कक्ष की ओर जाने वाली दो रास्तों पर इंटरलॉकिंग सड़क बनवाई जाएगी। इसके अलावा विद्यालय के कमरों और बरामदे के फर्श को भी पक्का बनवाया जाएगा।

प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र ने बताया कि धामपुर शुगर मिल के सहयोग से के एम इंटर कॉलेज में बने पुस्तकालय का जीर्णोद्धार कर दिया गया है तथा छात्रों की सुविधा के लिए नया फर्नीचर, कंप्यूटर और पुस्तक भी मंगा ली गई है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही विद्यालय में और भी विकास कार्य कराए जाएंगे।


प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र

# एआईबीई परीक्षा में उत्तीर्ण हुई सबा खान

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय निवासी एडवोकेट सबा खान पुत्री मोहम्मद फरीद ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित ऑल इंडिया बार एग्ज़ामिनेशन (AIBE) परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। एडवोकेट सबा खान वर्तमान में दिल्ली हाई कोर्ट में प्रैक्टिस कर रही हैं। उनकी यह सफलता विशेष रूप से उन युवतियों और महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, जो कानून के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहती हैं। इस अवसर पर परिजनों और शुभचिंतकों द्वारा मिष्ठान वितरण कर खुशी का इज़हार किया गया। एडवोकेट सबा खान ने बताया कि एआईबीई परीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि कोई भी कानून स्नातक अभ्यर्थी भारत के न्यायालयों में लीगल प्रैक्टिस करने के लिए योग्य है या नहीं।



# आदर्श होली हवन समिति की बैठक बुलाई, पूर्व कमेटी पर ही सहमति जताई

**धामपुर ( चिंगारी )।** आदर्श होली हवन समिति की एक बैठक मौहल्ला बाड़वान स्थित चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह के कैम्प कार्यालय पर आयोजित की गयी। बैठक में कोषाध्यक्ष अंकित सैनी ने गत वर्ष का आय व्यय का ब्यौरा रखा। बैठक में चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह ने गत वर्ष की कमेटी को फिर से बनाए रखने का प्रस्ताव रखा, तो कमेटी पदाधिकारियों ने सहमति जता दी। बैठक में आगामी 23 जनवरी को बसंत पंचमी को मौहल्ला गुजरातियान में पूर्व अध्यक्ष विनोद शर्मा आढ़ती के घर के बाहर बसंत रखने तथा उसके बाद नगर में हलुवा वितरित करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अध्यक्ष देवेन्द्र भट्नागर टीटू, महामंत्री संजय शर्मा बिल्लू, कोषाध्यक्ष अंकित सैनी ने सभी का आभार जताया तथा इस वर्ष पूरे जोश के साथ काम करने, सभी को साथ लेकर चलने का भरोसा दिलाया। बैठक में डॉ. शंकरलाल शर्मा, प्रमोद मिश्रा, सौरभ मालपानी, पवन अग्रवाल एडवोकेट, होशराम सैनी, खुशीराम सैनी, शेखर अग्रवाल, दीपक अग्रवाल जेके, डॉ. ईश्वरचन्द्र शर्मा, विभूतिकांत शर्मा, कैलाशचन्द्र मित्तल, संयम जैन, सचिन पंडित, मूला शर्मा आदि प्रमुख रुप से शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता देवेन्द्र भटनागर ने की तथा संचालन चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह ने किया। बैठक के अंत में पूर्व अध्यक्ष अमित शर्मा रिंकू तथा पदाधिकारी विकास माहेश्वरी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

## 23 को रखा जायेगा बसंत



# हाथी पहुंचा रहे फसलों को नुकसान वनअधिकारी को ज्ञापन कल देंगे किसान

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर तहसील अन्तर्गत अफजलगढ़ के कालागढ़ वन्य क्षेत्र की सीमा से लगे ग्राम मुरलीवाला, जामनवाला, भिक्कावाला एवं बनियावाला आदि के कृषक प्रतिनिधि शिवसेना यूबीटी के नेतृत्व में कालागढ़ स्थित फोरेस्ट विभाग के कार्यालय परिसर में एकत्र होकर वनाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर वन्य जीवों से फसलों एवं जनमानस की सुरक्षा हेतु कल बुधवार 21 जनवरी को प्रातः 10 बजे एक ज्ञापन वन विभाग उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को सौंपेंगे। शिवसेना जिलाध्यक्ष चौ. संजय राणा ने बताया कि कालागढ़ वन क्षेत्र की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के ग्रामवासियों की फसलों को नुकसान एवं जनमानस पर हो रहे वन्यजीवों के हमलों से सुरक्षा हेतु एक ज्ञापन सौंपकर सुरक्षात्मक उपाये कराने का अनुरोध किया जायेगा।

# हंगामा लोक समिति ने किया महाराणा प्रताप को नमन

**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि पर उनको पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक संस्था के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, कुलदीप, सोनम, वंशिका चौहान, नरेश चौहान, भव्या, अंबरीश, सार्थक रस्तौगी, लक्ष्य सैनी आदि उपस्थित रहे। सभी के द्वारा महाराणा प्रताप जी को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में कुलदीप द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला गया व नरेश चौहान द्वारा उनके जीवन के संघर्षों के बारे में बताया।

# घर-घर से कूड़ा देने वालों को करके चिन्हित नगर पालिका मुनि की रेती करेगी सम्मानित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती ढालवाला की ओर से वार्ड सेग्रीगेशन लीग के तहत प्रत्येक वार्ड में सेग्रीगेट (घर-घर से) कूड़ा देने वालों को चिन्हित कर सम्मानित किया जायेगा। जिलाधिकारी टिहरी नितिका खंडेलवाल ने पालिका के समस्त 11 सभासदों और क्षेत्र की जनता से इस लीग में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने की अपील की है। जिलाधिकारी टिहरी नितिका खंडेलवाल के मुनिकीरेती पहुंचने पर पालिकाध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने बुके देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद जिलाधिकारी टिहरी, पालिकाध्यक्ष, स्वच्छता ब्रांड एंबेस्डर चंद्रवीर पोखरियाल, अधिशासी अधिकारी अंकिता जोशी, सभासदों ने संयुक्त रूप से वार्ड सेग्रीगेशन लीग का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका मुनिकीरेती ढालवाला की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वार्डों में इस प्रकार के कार्यक्रमों से लोगों को सेग्रीगेशन के बारे में अधिक जागरूक किया जा सकता है। वार्ड सभासदों व क्षेत्रीय जनता से इस लीग में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करने की अपील की। इसके बाद सभी ने स्थानीय लोगों व स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ गंगा घाट किनारों व आस्था पथ पर सूखे कूड़े विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें डेढ़ कुंटल से अधिक सूखा कूड़ा एकत्र कर खाराश्रोत अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र भेजा गया।




मौके पर सभासद विनोद खंडूड़ी, ब्रिजेश गिरी, लक्ष्मण भंडारी, स्वाति पोखरियाल, विनोद सकलानी, सफाई निरीक्षक कमल चौहान, सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह सजवाण, राफ्टिंग रोटेशन समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र नेगी, रामपाल भंडारी, सुरेंद्र भंडारी, दर्शनी भंडारी, मीना मंदवाण, अंकिता शर्मा, धनेश्वरी पयाल, ऋषिकेश गंगा आरती के प्रबंधक हरिओम शर्मा आदि उपस्थित थे।

# औपचारिक रूप से सपा में शामिल हुये अनुज मलिक अब जिले में पार्टी मज़बूत होगी और अधिक



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मलिक ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष समाजवादी पार्टी की औपचारिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर श्री अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों की आवाज़ बनकर खड़ी रही है। उन्होंने कहा कि अनुज मलिक जैसे जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों के पार्टी से जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और जनपद बिजनौर में समाजवादी विचारधारा को मजबूती प्राप्त होगी।

## अखिलेश जी के दूरदर्शी नेतृत्व से प्रभावित होकर सपा ज्वाइन की

**युवा नेता अनुज मलिक ने कहा कि समाजवादी पार्टी की जनहितैषी नीतियों, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दूरदर्शी नेतृत्व से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ही किसानों, युवाओं और आम जनता के अधिकारों की सच्ची लड़ाई लड़ रही है।**

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और समाजवादी पार्टी ही वह विकल्प है, जो जनता की उम्मीदों पर खरा उतर सकती है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, सपा सांसद हरेन्द्र मलिक तथा बिजनौर से सतपाल सिंह, महमूद कस्सार व कामेंद्र तोमर मौजूद रहे।

# आदित्य राणा गैंग के सदस्य को दो वर्ष का कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट तालेवर सिंह ने गिरोहबंद मामले में कुख्यात आदित्य राणा गैंग के सदस्य अभियुक्त अमित को दो वर्ष कारावास और 6 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक के अनुसार नहटौर थाना में तैनात थानाध्यस अता करीम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके थाना क्षेत्र में ग्राम राणा नगंला निवासी आदित्य पुत्र राजपाल ने अपना एक संगठित गिरोह बना रखा है, जिसमें ओमकार पुत्र दयाराम, मनोज उर्फ नेवला, रोहित, देवेंद्र, धीरेन्द्र, बबलू, अमित कुमार पुत्र नरदेव इस गिरोह के सदस्य हैं। ये एक साथ मिलकर हत्या, अपहरण जैसे गंभीर अपराध किराए पर करते हैं, अवैध धन की वसूली करते हैं।



जिसके कारण क्षेत्र में भय का माहौल है। पुलिस ने इन सबके विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट भेजी। इस मामले में अभियुक्त अमित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस कारण उसकी पत्रावली इनसे अलग कर दी गई। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश तालेवर सिंह ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त अमित को गिरोहबंद अधिनियम के तहत दो वर्ष कठोर कारावास और 6 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है

# झंडे वाले बाबा के थले पर लगा मेला, हुआ भण्डारा



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर राजोरी स्थित प्राचीन सिद्ध स्थल झंडे वाले बाबा के थले पर भंडारे एवं मेले का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने अपने छोटे बच्चों के मुंडन संस्कार भी कराए। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आयोजन समिति द्वारा विश्राम, भोजन और पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। मेले में आए दुकानदारों ने खिलौनों व घरेलू उपयोग की वस्तुओं की दुकानें लगाईं। बच्चों ने झूलों व हिंडोलों का आनंद लिया। इस पूरे आयोजन के दौरान माहौल श्रद्धा और उत्साह से भरा रहा। कार्यक्रम के आयोजन में जयपाल सिंह, हर्षेद्र चौहान, अमित चौहान, मीनू चौहान, मुकेश शर्मा, सुभाषचंद्र सहित अनेक ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही।

# होमगार्ड कम्पनी कमांडर पर हमला करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार



**नहटौर ( चिंगारी )।** होमगार्ड कंपनी कमांडर एवं उनके साथियों के साथ मारपीट व जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है।

मालूम हो कि 6 जनवरी को ग्राम मुस्सेपुर निवासी होमगार्ड कंपनी कमांडर वीरेश कुमार के भाई ब्रजपाल सिंह ने थाने में तहरीर देकर कांता सैनी, बहादुर व अन्य के खिलाफ मारपीट व जानलेवा हमले का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को वांछित अभियुक्त बिट्टू कुमार पुत्र बेगराज एवं राधे पुत्र सोमपाल निवासी मोहल्ला होलियान को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में उनका चालान कर दिया। उक्त मामले में पुलिस पूर्व में मुख्य आरोपी मोहल्ला धर्मशाला निवासी कान्ता सैनी, सन्दीप उर्फ चीमू तथा मोहल्ला होलियान निवासी बहादुर को गिरफ्तार कर उनको जेल भेज चुकी है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि प्रकरण की विवेचना जारी है और यदि अन्य आरोपियों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने छात्राओं को जागरूक किया






**नूरपुर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत सोमवार को शक्ति दीदी ममता बंसल ने महिला सुरक्षा दल के साथ क्षेत्र के गांव छजुपुरा के संविलियन विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान शक्ति दीदी व बीट महिला आरक्षियों ने बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए जागरूक किया। इस दौरान महिला सुरक्षा दल ने घर-घर जाकर व सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं व बालिकाओं को पम्पलेट वितरित किये। इन पम्पलेट के जरिए उन्हें महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 व चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जैसे महत्वपूर्ण नंबरों से अवगत कराया गया तथा बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए, महिलाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल और सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों से बचाव के उपाय विस्तार से बताए। महिला पुलिसकर्मियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या आपराधिक स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करें। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक भोपाल सिंह एवं शिक्षकों का योगदान रहा।

# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने लाभार्थियों को सर्टिफिकेट बांटे



लाभार्थी को सर्टिफिकेट देते चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम।

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद में आवास योजना के तहत भरे गए फॉर्मों में से सरकार द्वारा चयनित लाभार्थियों को चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने प्रमाण-पत्र वितरित किये। कार्यक्रम में चेयरमैन ने बताया कि स्वीकृत सभी लाभार्थियों के बैंक खातों में 24 घंटे के अंदर पहली किश्त की राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। चेयरमैन द्वारा नगर पालिका परिषद में आवास योजना के फॉर्म भरे गए थे, जिसमें सरकार द्वारा कुछ भरे गए फॉर्म को स्वीकृत कर लिया गया है, उसी के चलते स्वीकृत फॉर्म जिनके हुए थे उन सभी लोगों को नगर पालिका बुलाकर चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम द्वारा सर्टिफिकेट दिये गए व उन सभी स्वीकृत लोगों के अकाउंट में 24 घंटे के अंदर पहली आवास योजना की किश्त आ जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक अफजाल अहमद, मौ. अजमल खान आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य का आकस्मिक निधन

नजीबाबाद (चिंगारी)। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा (75वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। वह कर्मठ, निस्वार्थ सेवा व मिलनसार स्वभाव के थे। जयप्रकाश शर्मा जूनियन हाईस्कूल वंश गोपालपुर से प्रधानाचार्य पद से रिटायर्ड हुए थे। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कक्कड़ तथा कार्यकारिणी पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# जंगली जानवरों ने किसान की गन्ने की फसल रौंद डाली



## मंडावली में बना हुआ हाथी व गुलदार का खतरा

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र में आमजन को गुलदार व हाथी का खतरा बना हुआ है। क्षेत्र में गुलदार कई बार जंगलों में देखा जा चुका है। वहीं दूसरी ओर हाथी भी किसानों की फसलों को उजाड़ रहे हैं, अपने पैरों तले फसलों को रौंद रहे है। क्षेत्र के नियामतपुर निवासी ओमपाल सिंह पुत्र तेजपाल सिंह के खेतों में गेहूं व गन्ने की फसल खड़ी हैं, दो दिन पूर्व रात में हाथियों के झुंड ने गेहूं व गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। जयप्रकाश, मुदित, अजय पाल सिंह, राजेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, मुकेश कुमार, आदि किसानों का कहना है कि पिछले कई माह से हाथियों का झुंड खेतों में आ रहा है। हाथी उनकी खेत में खड़ी फसलों को पैरों से रौंद रहे है। फसलों के नुकसान से किसानों को आर्थिक परिस्थिति से गुजरना पड़ रहा है। गुलदार के भय से किसान रात में अपने खेतों में भी नहीं जा रहे है। किसानों ने बताया खेतों के चारों ओर जंगली जानवरों को रोकने के लिए तार भी लगाया है। लेकिन हाथी तार तोड़कर अंदर खेतों में घुस रहे है। किसानों ने वन विभाग से हाथियों के झुंड से छुटकारा दिलाने की मांग की है। राजगढ़ रेंजर देव ऋषि सक्सेना का कहना है कि वन विभाग की टीम रात में गश्त कर रही है, जंगली जानवरों को वन क्षेत्र की तरफ भगाया जाएगा। गुलदार से बचाव के लिए भी ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर
ई प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांकः–  /ई–निविदा–रा0वृत्त/25–26  दिनांक :–

1:– महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर द्वारा आईटम दर पर निम्नलिखित कार्यं हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से आथराइज्ड रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 24.01.2026 प्रातः 10.00 बजे से 30.01.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 30.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

2:–कार्यो का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जीएसटी रहित (रू0 लाख में) | | कुल लागत जीएसटी रहित (रू0 लाख में) | धरोहर धन राशि (रू0 लाख में) (As per SBD 1.5%) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण हेतु समयावधि | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | निर्माण कार्य की लागत | 5 वर्ष अनुरक्षण लागत | | | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में अकबराबाद बुन्दकी वाया हाजीपुर कल्लूवाला मार्ग के चैनेज 0.00 से 5.650 का 5.50 मी0 से 7.00 मीटर में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 1070.00 | 26.75 | 1096.75 | 16.50 (ऑन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 2354.00 (ऑन लाइन भुगतान केवल नेट बैंकिंग द्वारा ही मान्य) | 12 माह (वर्षाकाल सहित) | "ए" मार्ग श्रेणी | निर्माण खण्ड–2 लो0नि0वि0 बिजनौर (मु0 नजीबाबाद) | रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र, लो0नि0वि0, मुरादाबाद |

- कार्य पूर्णता के उपरान्त 05 वर्ष अनुरक्षण अवधि सहित।
- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम 7 व 8 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस–7–2020–176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 25.08.2020, शासनादेश संख्या 879(1)/तेईस–7–2020–176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 417/13रो0ए0मै0खं0/20 दिनांक 28.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http//wms.uppwd.gov.in/prahari पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0–2, लो0नि0वि0 बिजनौर
(मु0 नजीबाबाद)
Email – eepwdnjb@gmail.com

R.O.No. 244166 Date: 19-01-2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0, रामपुर
Ph. 0595 – 2351163
Email – pwdrampur@gmail.com


## व्यापारी नेता कपिल सर्राफ का जन्मदिन मनाया



व्यापारी नेता कपिल सर्राफ का जन्मदिन मनाते व्यापारी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नवाब नजीबुद्दौला मार्केट शाखा के सभी पदाधिकारियों द्वारा संगठन के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ का जन्मदिन केक काटकर मनाया। सभी व्यापारियों ने कपिल सर्राफ को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी लम्बी आयु की कामना की। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, उपाध्यक्ष फरहत खान, उपाध्यक्ष सिताब खान, युवा नगर अध्यक्ष शेर अली, मीडिया प्रभारी दीपान्शु वर्मा, शाखा मंत्री साहिल सैफी, मोनू राजपूत आदि उपस्थित रहे।


गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# महाराणा प्रताप ने मातृभूमि को सदैव सर्वोपरि रखा- मौसम चौधरी

## मण्डावर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप स्मृति द्वार का लोकार्पण





**बिजनौर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती कस्बा मण्डावर में मेन बस स्टैंड तिराहे पर सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की स्मृति में एक भव्य द्वार का निर्माण कराया गया है। सोमवार को वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने द्वार का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी ने मातृभूमि को सर्वोपरि रखा और राष्ट्र व धर्म की रक्षा के लिये अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। महाराणा प्रताप ने राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिये अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर त्याग, बलिदान और वीरता का उच्चतम आदर्श स्थापित किया। मेवाड़ के महान पराक्रमी योद्धा महाराणा प्रताप का त्याग और संघर्ष युगों–युगों तक हमारी पीढ़ियों को राष्ट्र की सेवा करने की प्रेरणा देता रहेगा।

सहकारी समिति मण्डावर के प्रांगण में आयोजित विशाल सभा को संबोधित करते हुए मौसम चौधरी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद बिजनौर विधानसभा क्षेत्र में विकास के नये दौर की शुरूआत हुई। श्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में बिजनौर विधानसभा में पूर्ण पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य हुये हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिये हम सभी को अपना योगदान करना होगा। मौसम चौधरी ने कहा कि हम अपने क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिये पूरी तरह समर्पित हैं।

पुरु रवा राजपूत महासभा के जिलाध्यक्ष ठाकुर सिंह की अध्यक्षता एवं जितेंद्र राजपूत के संचालन में हुई सभा को गन्ना समिति बिजनौर के चेयरमैन आदेश कुमार, भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनोज अहलावत, महेंद्र राजपूत, गौरव राजपूत, विकास राजपूत, वरूण राजपूत, सहकारी समिति मण्डावर के चेयरमैन राजीव राजपूत, किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष नौबहार सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष वेदप्रकाश विश्वकर्मा, सुभाष राजपूत, चौहान कल्याण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिनेश कुमार, आदेश राजपूत, कुंवर पाल राजपूत, राजकुमार चौहान, आशीष राजपूत आदि ने महाराणा प्रताप जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### क्षेत्रवासियों ने मौसम चौधरी की सराहना की

**क्षेत्रवासियों ने मण्डावर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की स्मृति में भव्य द्वार की स्थापना के लिये सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी एवं भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी का आभार व्यक्त किया है। जनसभा में मौजूद लोगों ने मौसम चौधरी का अभिनंदन करते हुए कहा कि उन्होंने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप स्मृति द्वार का निर्माण कराकर क्षेत्रवासियों की भावना का सम्मान किया है।**

# भारत भूमि पर स्वर्ग विद्यमान

## हिंदू सम्मेलन में बोले फुलसंदे वाले बाबा

**रईस मलिक**




**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** ग्राम करौंदा चौधर में आयोजित हिंदू सम्मेलन में फुलसंदे वाले बाबा ने कहा कि भारत भूमि पर स्वर्ग और मोक्ष दोनों विद्यमान हैं। पुण्य आत्माओं को भारत भूमि पर जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फुलसंदे वाले बाबा ने आगे कहा कि इस्लाम के आगमन से ढाई हजार वर्ष पूर्व अरब देशों में वेदों की ऋचाएं गूंजती रही हैं। उस समय वहां भी वेदों के विद्वान मौजूद थे। वेद के ज्ञान को पूरे विश्व ने माना है। भगवान शिव, ब्रह्मा और विष्णु ने भारत भूमि पर शरीर धारण कर अवतार लिए हैं। भारत भूमि की सेवा करना पुण्य का कार्य है। हमें लोगों की तरक्की देखकर खुश होना चाहिए। हमें कभी भी विनाश देखकर खुश नहीं होना चाहिए। हमें बदले की भावना का विचार नहीं रखना चाहिए, बल्कि सदैव परेशान मनुष्य की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए। भारत भूमि में वसुधैव कुटुंबकम की भावना विद्यमान रही है। हमने सभी के निरोगी और स्वस्थ होने की कामना वेद मन्त्रों में की है। उन्होंने कहा कि हिंदू शब्द बाहर विदेश से नहीं आया है। हिंदू शब्द देश की उत्पत्ति है। हिंदू धर्म ग्रंथो में इसका उल्लेख मिलता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेश पाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 1925 में विजयदशमी के दिन बना। पिछले 100 सालों में राष्ट्र उत्थान में आरएसएस में अपना योगदान दिया। कश्मीर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया,यदि कहीं भी कोई दुर्घटना हुई प्रत्येक स्थान पर स्वयंसेवक मौजूद मिले। हैप्पी कुमार ने आरएसएस के 100 सालों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शताब्दी वर्ष में सात प्रकार के कार्यक्रम होंगे। पूरे देश में एक लाख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आरएसएस की और शाखाएं खोली जाएगीं। कार्यक्रम में आए भजन उपदेशकों ने भजन प्रस्तुत किए। इस दौरान आरएसएस के इतिहास से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे, महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष कुमार ने तथा संचालन रूपेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में सुनील कुमार, धर्मेंद्र ढाका, हिमांशु कुमार, ऋषि त्यागी, शिवम त्यागी, मुकेश त्यागी, ऋषिपाल सिंह, मदन सिंह, सतीश त्यागी, नितिन चौधरी, गौतम कुमार, डालचंद सैनी, समर सिंह, लक्ष्मण सिंह, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।






# रोज 1 गाजर खाएं, 110 प्रतिशत विटामिन ए पाएं

## आंखों की रोशनी तेज, कैंसर का जोखिम कम, ज्यादा खाने से नुकसान

किसी मौसम में स्वस्थ रहने का सबसे आसान तरीका ये है कि उस मौसम के फल और सब्जियां खाइए। अगर उस मौसम के सुपरफूड खा रहे हैं तो बीमारियां आसपास भी नहीं फटकेंगी। गाजर सर्दियों का ऐसा ही एक सुपरफूड है। यह एक रूट वेजिटेबल है, जिसे पहली बार 900 ईस्वीं के आसपास अफगानिस्तान में उगाया गया था। आमतौर पर घर, बाजार और किताबों में नारंगी रंग का गाजर दिखता है। हालांकि यह बैंगनी, पीला, लाल और सफेद कई रंगों का होता है। शुरुआती दिनों में गाजर बैंगनी या पीले रंग का होता था। नारंगी गाजर मिडिल ईस्ट में 15वीं या 16वीं शताब्दी के आसपास डवलप किया गया। गाजर विटामिन **A, C** और **K** से भरपूर होता है। इसमें आयरन, कैल्शियम, जिंक, पोटेशियम और कॉपर जैसे जरूरी मिनरल्स होते हैं। इसके अलावा यह फाइबर और कार्बोहाइड्रेट का भी अच्छा सोर्स है। इसे रोज खाने से आंखों की रोशनी तेज होती है, कैंसर का जोखिम कम होता और वेट मैनेजमेंट में भी मदद मिलती है।

### गाजर

100 ग्राम में होते हैं ये विटामिन्स और मिनरल्स




"गाजर में विटामिन A होता है, इसे रोज खाने से आंखों की रोशनी तेज होती है। ठंड में शरीर को हाइड्रेटेड रखता है। वेट मैनेजमेंट में मददगार है और कैंसर का जोखिम भी कम करता है।"

*गाजर में 86 प्रतिशत से लेकर 95 प्रतिशत तक पानी होता है। बाकी के 10 प्रतिशत हिस्से में कार्बोहाइड्रेट होता है। गाजर में प्रोटीन और फैट भी होता है, लेकिन इनकी मात्रा बेहद कम होती है।*

### गाजर विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होता है

गाजर में कई विटामिन और मिनरल्स होते हैं। यही कारण है कि यह सेहत के लिए इतना फायदेमंद है। आमतौर पर लोग यह समझते हैं गाजार में ढेर सारा विटामिन A होता है, जबकि विटामिन A के अलावा गाजर में विटामिन C और B 6 भी बहुत ज्यादा होता है।

### बेहद फायदेमंद है गाजर

गाजर एक ऐसी सब्जी है, जिसमें कैलोरी बहुत कम होती है और न्यूट्रिशनल वैल्यू बहुत ज्यादा होती है। जरूरी विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सिडेंट की मौजूदगी के कारण यह इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। खास न्यूट्रिशनल वैल्यू के कारण ही इसके सेवन से हार्ट, किडनी और लिवर की सेहत अच्छी बनी रहती है।

# साल 2026 का पहला सूर्य ग्रहण, नोट कर लें तारीख और समय

खगोलीय घटनाओं में रुचि रखने वालों के लिए फरवरी 2026 का महीना बेहद रोमांचक होने वाला है। नये साल का पहला सूर्य ग्रहण, 17 फरवरी 2026 ( मंगलवार ) को लगने जा रहा है। बता दें, यह कोई साधारण ग्रहण नहीं, बल्कि एक वलयाकार सूर्य ग्रहण (Annular Solar Eclipse) होगा, जिसे दुनिया भर में 'रिंग ऑफ फायर ' के नाम से भी जाना जाता है।

### क्यों खास है यह सूर्य ग्रहण ?

इस दिन आसमान में एक दुर्लभ नजारा देखने को मिलेगा। ग्रहण के दौरान चंद्रमा, सूर्य के लगभग 96 प्रतिशत भाग को ढक लेगा। चूंकि, चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह नहीं ढक पाएगा, इसलिए सूर्य का बाहरी किनारा एक चमकती हुई अंगूठी की तरह नजर आएगा, जिसे Ring of Fire के नाम से जाना जाता है।

### क्या भारत में दिखाई देगा यह ग्रहण?

भारत में रहने वाले एस्ट्रोनॉमी लवर्स के लिए यह खबर थोड़ी निराशाजनक हो सकती है, क्योंकि यह सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए भारत में इसका कोई दृश्य प्रभाव नजर नहीं आएगा।

### सूर्य ग्रहण का समय

17 फरवरी 2026 को लगने वाले इस ग्रहण का टाइम शेड्यूल इस प्रकार है (Surya Grahan 2026 Date and Time):

**शुरुआत: शाम 5 बजकर 26 मिनट पर।**

**समापन: शाम 7 बजकर 57 मिनट पर।**



### किन देशों में दिखेगा यह नजारा?

यह ग्रहण मुख्य रूप से दुनिया के दक्षिणी हिस्सों में दिखाई देगा। जिन स्थानों पर इस खगोलीय घटना को देखा जा सकेगा।

प्रमुख देश:- दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना, चिली, तंजानिया, नामीबिया, जिम्बाब्वे, मोजाम्बिक, मेडागास्कर और बोत्सवाना।

अन्य क्षेत्र:- अंटार्कटिका, मॉरीशस, दक्षिणी जॉर्जिया, ब्रिटिश इंडियन ओशन क्षेत्र और फ्रांसीसी दक्षिणी क्षेत्र।

### क्या होता है वलयाकार सूर्य ग्रहण?

वैज्ञानिकों के अनुसार, सूर्य ग्रहण तब लगता है जब चंद्रमा घूमते हुए सूर्य और पृथ्वी के बीच में आ जाता है और सूरज की रोशनी को धरती पर आने से रोक देता है, लेकिन 'वलयाकार ग्रहण' की स्थिति थोड़ी अलग होती है-

- पृथ्वी की परिक्रमा करते समय चंद्रमा की दूरी बदलती रहती है।
- जब चंद्रमा पृथ्वी से दूर होता है, तो वह आकार में छोटा दिखाई देता है।
- ऐसे में, जब वह सूर्य के बीच में आता है, तो वह उसे पूरी तरह ढक नहीं पाता।

**परिणामस्वरूप, सूर्य के किनारे दिखाई देते रहते हैं, जो आसमान में एक 'आग के गोले' या छल्ले की तरह नज़र आते हैं।**

# एकल परिवार भी हैं बच्चों को गलत रास्ते पर ले जाने का एक बड़ा कारण

## दादा-दादी, ताऊ- चाचा नहीं हैं टोकने वाले

-मरगूब रहमानी

**बिजनौर ( चिंगारी )। जनपद में खुदकुशी की बढ़ती घटनाओं का एक बड़ा कारण एकल परिवारों का बढ़ता चलन है। खुदकुशी ही नहीं एकल परिवारों के बच्चों में अन्य अपराध भी तेज़ी से बढ़े हैं।**



भारतीय समाज में संयुक्त परिवार परंपरागत रूप से सामाजिक जीवन की मजबूत इकाई रहा है। इसमें दादा-दादी, माता-पिता और बच्चे एक साथ रहते हैं, जिससे आपसी सहयोग, संस्कारों का आदान-प्रदान और भावनात्मक सुरक्षा मिलती है। संयुक्त परिवार में बच्चों को बुजुर्गों का अनुभव और मार्गदर्शन मिलता है, वहीं बुजुर्गों को सम्मान और अपनापन प्राप्त होता है। आर्थिक दृष्टि से भी संसाधनों का साझा उपयोग जीवन को अधिक सुरक्षित और संतुलित बनाता है। संकट के समय पूरा परिवार एक-दूसरे का सहारा बनता है, जिससे तनाव और अकेलापन कम होता है।

इसके विपरीत, एकल परिवारों में सामाजिक दायरा सीमित हो जाता है। माता-पिता पर बच्चों और घर की पूरी ज़िम्मेदारी होने से मानसिक दबाव बढ़ता है। बच्चों में सामूहिकता,



सहनशीलता और रिश्तों की समझ अपेक्षाकृत कम विकसित हो पाती है। बुजुर्ग अक्सर अकेलेपन और उपेक्षा का शिकार होते हैं, जिससे सामाजिक ताने-बाने में कमजोरी आती है।

आज के आधुनिक जीवन में भले ही एकल परिवार सुविधाजनक लगें, लेकिन सामाजिक संतुलन, भावनात्मक मजबूती और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए संयुक्त परिवार आज भी अत्यंत उपयोगी और प्रासंगिक है। एकल परिवार के बच्चों को तन्हाई से बचने के लिए दादा-दादी,चाचा-चाची या अन्य रिश्तेदारों का सहारा नहीं मिलता, उनके पास विकल्प के तौर पर मात्र एक मोबाइल फोन और कुछ दोस्त होते हैं। यहीं से बिगाड़ शुरू होता है। टोकने वाले सिर्फ माता-पिता होते हैं, लेकिन उनके पास बच्चों को टोकने का समय नहीं होता। बुरी संगत और तन्हाई बच्चों को तबाही के रास्ते पर ले जाती है, जब तक माता-पिता को बच्चों के बर्बादी के रास्ते पर चलने का पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

इन हालात में बच्चे नशे के आदी हो जाते हैं, अपराध की दुनिया में क़दम रख चुके होते हैं या उन्हें कम उम्र में इश्क़ का रोग लग जाता है। परिणामस्वरूप खुदकुशी, जेल या फिर आवरगी बच्चों का मुकद्दर बन जाती है। इन हालात में माता-पिता के पास पछताने के सिवा कुछ नहीं होता।

## भाकियू प्रधान के मौ. फैजान ब्लॉक उपाध्यक्ष बने



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के ब्लॉक अध्यक्ष मौ. आमिल अंसारी ने नजीबाबाद के मौहल्ला रम्पुरा निवासी मौ. फैजान को ब्लॉक उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त करते हुए उन्हें मनोनयन पत्र भेंट किया। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। इस मौके पर भाकियू प्रधान के जिला प्रभारी शमशाद गुर्जर, जिला मंत्री शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

## सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD GUFRAN था अब मैंने अपना नाम बदलकर MOHD GUFRAN रख लिया है, भविष्य में मुझे इस नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**MOHD GUFRAN S/O MOHD ISA**
**निवासी मोहल्ला पठानपुरा**
**नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

# बढ़ापुर रेंज में मिला हाथी के बच्चे का शव

**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** बढ़ापुर रेंज में गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को एक हाथी के बच्चे का शव पड़ा हुआ मिला, जिसकी सूचना तत्काल ही उच्चाधिकारियों को दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पशु चिकित्सकों की टीम को बुलाया गया है।

बताया जाता है कि मंगलवार को सवेरे बढ़ापुर रेंज की टीम गश्त पर थी, तभी वन विभाग की टीम को रेंज की ढकरिया बीट में एक हाथी के बच्चे का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। इस संबंध में नजीबाबाद डिवीजन के डीएफओ अभिनव राज ने बताया कि बढ़ापुर रेंज में हाथी के एक बहुत छोटे बच्चे का शव मिला है। जिसकी आयु मात्र एक से दो माह के बीच प्रतीत हो रही है। प्रथम दृष्टया बच्चे की मौत बहुत अधिक ठंड से होने की आशा जताई जा रही है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता लग पाएगा। शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए चिकित्सकों की टीम को मौके पर पहुंच रही है। शाम तक पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

# कालागढ़ में वनाधिकारियों से मिलेंगे किसान

## हाथियों द्वारा उजाड़ी जा रही फसलों से हैं परेशान

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के कालागढ़ वन क्षेत्र से आएदिन आ रहे हाथियों के झुंड द्वारा उजाड़ी जा रही फसलों को लेकर किसान बेहद परेशान हैं। बार-बार अनुरोध के बावजूद खेतों में हाथियों के आने का सिलसिला रोकने को वनाधिकारियों द्वारा अभी तक कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। कालागढ़ की सीमा से सटे ग्राम मुरलीवाला, भिक्कावाला, जामुनवाला आदि गांवों के किसान खून पसीने से उगाई जा रही फसलों को उजड़ता देख हाल बेहाल हैं। इस समस्या के समाधान को लेकर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के वनाधिकारियों से अलग-अलग बात करने पर किसानों का आरोप है कि वह एक-दूसरे पर जिम्मेदारियां थोपकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। शिवसेना के जिला प्रमुख संजय राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्या के समाधान को लेकर 21 जनवरी बुधवार को यानी कल कालागढ़ में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के वनाधिकारियों से संयुक्त रूप से वार्ता की जाएगी और समाधान को लेकर मांग-पत्र सौंपा जाएगा।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर
ई प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

पत्रांकः- 252/ई-निविदा-रा0वृत्त/25-26 दिनांक :-08.01.2026

1:- महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइटhttp://etender.up.nic.inके माध्यम से आथराइज्ड रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 22.01.2026 प्रातः 10.00 बजे से 27.01.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 27.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

2:-कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः-

| क्र सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) जी0एस0टी0 अतिरिक्त | धरोहर धन राशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0 टी0 सहित (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी | कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता | संबंधित अधीक्षण अभियन्ता का पता | संबंधित मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में बहसूमा चान्दपुर ठाकुरद्वारा जसपुर मार्ग (राज्य मार्ग सं0-147) के चैनेज 55.870 से 73.870 तक (कुल लम्बाई 18.000 किमी0) तक थर्मोप्लास्टिक पेंट एवं रोड सेफ्टी का कार्य। | 52.00 | 4.60 | 02 माह (वर्षाकाल सहित) | 2354.00 (ऑनलाइन भुगतान केवल नेट बैकिंग द्वारा ही मान्य) | ए0, साईनेज श्रेणी | प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 बिजनौर | रामपुर वृत्त लो0नि0वि0 रामपुर | मुरादाबाद क्षेत्र, लो0नि0वि0 मुरादाबाद |

- ➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- ➢ धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम 5 व 7 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस-7-2020-176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग-7 दिनांक 25.08.2020, शासनादेश संख्या 879(1)/तेईस-7-2020-176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग-7 दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 417/13रो0ए0मै0खं0/20 दिनांक 28.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http//wms.uppwd.gov.in/prahariपर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बिजनौर
Ph. 01342 – 262776
Email – pdbijnor@gmail.com

R.O.No. 244211 Date: 19-01-2026
UPID.www.upgov.nic.in

अधीक्षण अभियन्ता
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0,रामपुर
Ph. 0595 – 2351163
Email – pwdrampur@gmail.com

# छात्र ज़रूर पढ़ें अख़बार



**चांदपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन, जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष एवं हिंदू इंटर कॉलेज, चांदपुर के वरिष्ठ अंग्रेजी प्रवक्ता डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी ने माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों से प्रतिदिन समाचार-पत्र पढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाचार-पत्र पढ़ने की आदत जीवन में सफलता का द्वार खोलती है और विद्यार्थियों के बौद्धिक, भाषाई एवं व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हिंदू इंटर कॉलेज, चांदपुर के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. त्यागी ने कहा कि नियमित रूप से समाचार-पत्र पढ़ने से छात्रों का मानसिक विकास तीव्र गति से होता है। समाचार-पत्रों के माध्यम से छात्रों के राजनीतिक, सामाजिक, भौगोलिक एवं ऐतिहासिक ज्ञान में निरंतर वृद्धि होती है। साथ ही नये-नये शब्दों से परिचय होने के कारण उनकी शब्दावली समृद्ध होती है, जो भाषा दक्षता के लिए अत्यंत आवश्यक है। अंग्रेजी भाषा के संदर्भ में डॉ. त्यागी ने विशेष रूप से कहा कि अंग्रेजी समाचार-पत्र पढ़ने से न केवल शब्द-भंडार बढ़ता है, बल्कि उच्चारण, रीडिंग स्किल और भाषा में आत्मविश्वास भी विकसित होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि जो विद्यार्थी अंग्रेजी में कमजोर हैं, वे विद्यालय के रीडिंग रूम में प्रतिदिन कम से कम एक घंटा समाचार-पत्र पढ़ें, कठिन शब्दों का समाधान अपने विषय अध्यापक से प्राप्त करें तथा प्रतिदिन पांच वाक्य स्वयं लिखने का अभ्यास करें। इससे उनकी सोचने, समझने एवं विश्लेषण करने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# आर. के. इंटरनेशनल स्कूल को मिली इंटर मीडिएट की मान्यता



**किरतपुर ( चिंगारी )।** किरतपुर के अग्रणी शिक्षण संस्थान आर.के. इंटरनेशनल स्कूल को सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली से इंटरमीडिएट कक्षाएं चलाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि से अब विद्यालय में कक्षा XI एवं XII के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल व एम. डी. दर्शित अग्रवाल ने कहा कि यह विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। वरिष्ठ माध्यमिक स्तर की स्वीकृति मिलने से विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा अपने ही विद्यालय में प्राप्त होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन बिश्नोई ने कहा यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। यह विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों और सहयोग का परिणाम है। हमारा लक्ष्य केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि चरित्र, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ सशक्त नागरिक तैयार करना है।

## दूसरे मकान में सो रहा था भूरा चोरों ने सामान चुराया पूरा

**नहटौर ( चिंगारी )।** मौहल्ला जिगर कॉलोनी निवासी मौ. दानिश उर्फ भूरा परिवार सहित दूसरे घर मौहल्ला रंगरेजान में सोने गया था। रात्रि में किसी समय चोरों ने मकान में घुसकर सेफ अलमारी का ताला तोड़कर 5 हजार रुपए की नकदी व कीमती सामान चुरा ले गए, जिसका पता सुबह उस समय लगा जब वह अपने बच्चों के साथ घर पर आया। कमरे का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। अन्दर जाकर देखा तो अलमारी से सामान इधर-उधर बिखरा मिला। दानिश किराये के मकान में रहता है, वह बीती रात्रि अपने मां-बाप के घर सोने गया हुआ था। पूर्व में भी उसके मकान में चोरी हो चुकी है। क्षेत्र में चोरों का आतंक है। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि घटना का मौका मुआयना कर लिया गया है। शीघ्र ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

## ऋषभ जैन चुने गये आदर्श होली हवन समिति के अध्यक्ष



**नहटौर ( चिंगारी )।** स्थानीय श्री पंचायती मंदिर में श्री आदर्श होली हवन समिति नहटौर की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से मोहल्ला पंचायती मंदिर निवासी ऋषभ जैन को अध्यक्ष व मोहल्ला ऊंचा निवासी मोहित भारद्वाज को कोषाध्यक्ष चुना गया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का गले में पटका पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर नवनियुक्त अध्यक्ष ऋषभ जैन ने कहा कि जो जिम्मेदारी समिति के लोगों ने उन्हें सौंपी है, वह उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही पूर्ण कमेटी बनाई जाएगी तथा आगामी 23 जनवरी को बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया जाएगा। श्री पंचायती मंदिर से जुलूस शुरू होकर होली वाले कुएं पर पहुंचेगा, जहां बसन्त पंचमी की पूजा-अर्चना की जाएगी। बैठक में पंडित गणेश शास्त्री, भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, एडवोकेट अर्पित कुमार गुप्ता, शगुन वर्मा, अंकुश अग्रवाल, नलिन अग्रवाल, डॉ. अंकुर जैन, पंकज जैन बिट्टू, अमन अग्रवाल, संजय शर्मा पत्रकार, अरविंद जोशी पत्रकार, कमल सैनी, व्योम जैन, सरदार डिंपी, सजल अग्रवाल, प्रशान्त वर्मा, सुमित वर्मा, कृष्णा वर्मा, सुनील चौधरी, विपिन अग्रवाल राडू, नीतीश राठौड़ आदि मौजूद रहे।

## रूपपुर में गुलदार का आतंक, ग्रामीण भयभीत

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम रूपपुर के जंगल में अभी भी गुलदार का आतंक बना हुआ है। ग्राम निवासी किसान प्रेम सिंह ने बताया कि वे अपने भतीजे के साथ अपने खेत पर गए थे, तभी उन्हें खेत के बाहें पर गुलदार बैठा दिखाई दिया। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों द्वारा शोर मचाने पर गुलदार खेत के अन्दर चला गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। मालूम हो कि दो दिन पूर्व भी गांव निवासी ठाकुर वेदप्रकाश चौहान के घेर के पीछे स्थित खेत में गुलदार दिखाई दिया था।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## अख्तर जलील के होनहार बेटे इमरान उर्फ सनी ने बार परीक्षा उत्तीर्ण की

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पूर्व चेयरमैन हाजी अख्तर जलील के होनहार पुत्र युवा नेता इमरान उर्फ सनी अख्तर ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बार परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया। इमरान उर्फ सनी अख्तर की इस उपलब्धि से परिवार, शुभचिंतकों और नगरवासियों में हर्ष का माहौल है। बार परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही इमरान अब न्यायालय में विधि व्यवसाय करने के लिए पूर्ण रूप से योग्य हो गए हैं। युवा नेता के रूप में पहले से ही अपनी पहचान बना चुके इमरान उर्फ सनी अख्तर ने शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी काबिलियत साबित कर यह संदेश दिया है कि युवा यदि ठान लें तो हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनकी इस सफलता पर नगर के गणमान्य लोगों, सामाजिक कार्यकताओं और युवाओं ने उन्हें बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## डा. प्रभा चौधरी 'विद्या वाचस्पति' सम्मान से अलंकृत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हिन्दी भाषा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली शिक्षाविद डा. प्रभा चौधरी (हिन्दी प्रवक्ता, जवाहर इण्टर कालेज सरधना, मेरठ) को नालंदा हिन्दी विद्यापीठ द्वारा प्रदत्त विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। यह सम्मान 15 जनवरी 2026 को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी चेतना शिखर 2026 के समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यह भव्य एवं गरिमामय समारोह राजधानी नई दिल्ली स्थित राजेन्द्र भवन ओडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस समारोह में देश-विदेश से पधारे अनेक प्रतिष्ठित साहित्यकारों, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों एवं हिन्दी प्रेमियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को दो गुना बढ़ाया।

डा. प्रभा चौधरी को यह सम्मान उनके द्वारा शिक्षा, साहित्य, सामाजिक चेतना एवं हिन्दी की प्रति उनकी सकारात्मक सोच के प्रसार हेतु किए गये कार्यों के लिये प्रदान किया गया। अपने ओजपूर्ण लेखन और समाजोन्मुखी विचारधारा के कारण डा. प्रभा चौधरी हिन्दी साहित्य जगत में धीरे-धीरे एक विशिष्ट पहचान बना रही हैं। इस सम्मान समारोह का




आयोजन देवनागरी उत्थान फाउण्डेशन धराधाम इंटरनेशनल, पं. तिलकराज शर्मा स्मृति ट्रस्ट, अमेरिका तथा एशिया बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकार्ड, श्रीलंका के संयुक्त तत्वावधान से किया गया। डा. प्रभा चौधरी को यह सम्मान जनरल सर प्रो. जसवीर सिंह (अधिकारिक) प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिका। अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक दूत रसाचार्य डा. आई मेड धर्मयासा (इंडोनेशिया), प्रो. डा. नरेन्द्र सिंह कुलपति मदरहुड यूनिवर्सिटी रूड़की, प्रो. डा. देवेश कुमार मिश्र (इग्नू, नई दिल्ली), डा. सौरभ पाण्डेय (मानद कुलपति, धराधाम विश्व सदभाव पीठ) डा. नारायण यादव निदेशक, एशिया बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकार्ड, श्रीलंका एवं देवनागरी उत्थान फाउण्डेशन के अध्यक्ष डा. सुनील दुबे के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। हिन्दी भाषा के संवर्धन के लिये यह सम्मान एक उल्लेखनीय प्रयास एवं मील का पत्थर है। बता दें कि डा. प्रभा चौधरी बिजनौर निवासी स्व. रामगोपाल आर्य की सुपुत्री एवं कृष्ण गोपाल आर्य की बहन हैं।

# झण्डारोहण वाले चबूतरे से अतिक्रमण हटवाने की मांग

**स्योहारा ( चिंगारी )। झण्डारोहण स्थल के चबूतरे पर अवैध अतिक्रमण की बात कहते हुए नगर निवासी एडवोकेट अहसन ने मुख्यमंत्री के नाम लिए प्रार्थना-पत्र दिया है।**

प्रार्थना-पत्र मे कहा गया है कि जमीदारी खात्मे के पूर्व से ही उसमान अली खां (तत्कालीन चेयरमैन नगर पंचायत स्योहारा व काले खां (तत्कालीन व्यवसायी, कृषक व समाजसेवी) निवासीगण मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान स्योहारा इस सब्जी मंण्डी वाली आराजी के सयुक्त रुप से मालिक व काबिज रहे हैं और अपने जीवन काल तक भी अपनी इस आराजी को संयुक्त रूप से प्रयोग में लाते रहे हैं तथा इनके दोनो के देहात के पश्चात इनके वारिसान इस आराजी पर मालिक काबिज रहे हैं और अभी भी हैं। देश के स्वतन्त्र होने के अवसर पर सन् 1947 में नगर स्योहारा के स्वतन्त्रता सेनानियों एवं नगरवासियों द्वारा इस सब्जी मंण्डी वाली आराजी के मालिक एंव उस्मान अली खान व काले खां के निवेदन पर ही इस सब्जी मंण्डी वाली आराजी के दक्षिण की ओर स्थित आराजी पर सड़क किनारे पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर अपने मुल्क की आजादी का जश्न मनाते हुए सभी की सहमति पर तय किया गया कि प्रत्येक वर्ष आजादी की वर्षगांठ के अवसर पर सभी



आजादी की वर्षगांठ पर जश्न मनाते लोग व स्कूली छात्र ( फाईल फोटो ) फोटो स्त्रोत शिकायत कर्ता।



ध्वजारोहण चबुतरे पर अतिक्रमण करते हुए ( फाईल फोटो ) फोटो स्त्रोत शिकायतकर्ता।

नगरवासी एकत्र होकर यहां पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मुल्क की आजादी का जश्न मनाते रहेगें और परम्परा निरन्तर बनी रहने के दौरान 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के अवसर पर नगर के व्यक्तियों की सहमति के आधार पर 20.03.1951 को थाना स्योहारा के प्रांगण में जनाब हाकिम परगना अधिकारी साहब बहादुर तहसील धामपुर की मौजूदगी में ही इस झंण्डारोहण स्थल का 12×14 फिट का सड़क किनारे पर ही एक चबूतरा बनाये जाने के निर्णय के आधार पर ही तत्कालीन नगर पंचायत चेयरमैन उस्मान अली खान द्वारा इस आराजी के सहस्वामी काले खां की मौजूगी में व वरकतुल्ला साहब व शब्बीर हुसैन साहब की निगरानी में झण्डा रोहण स्थल का चबूतरा बनाया गया और हर वर्ष 15 अगस्त व 26 जनवरी के अवसर पर झण्डारोहण होता रहा हैं। इस चबूतरे पर परम्परागत रुप से झण्डारोहण होते रहने के दौरान ही स्थानीय स्तर के दंबगों द्वारा अस्थायी अतिक्रमण करते हुए सब्जी विक्रय का फड़ लगवाकर (दुकान) अवैध वसूली किये जाने पर जब कभी भी इन दबंगों से झण्डा स्थल को खाली करने की बावत कहा जाता है तो यह गिरोहबन्द लोग झगड़ा फसाद पर आमादा रहते हैं और झंडा रोहण में भी बाधा उत्पन्न करते रहे हैं। अहसन एडवोकेट ने प्रार्थना पत्र देकर मांग की है कि सब्जी मंण्डी स्थल पर बने झण्डारोहण स्थल की निशानदेही कराकर अतिक्रमणधारियों को इण्डा स्थल से बेदखल करते हुए इनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही के साथ- साथ इण्डा रोहण स्थल पर नगर पालिका परिषद स्योहारा के माध्यम से स्थायी बाउंड्री कराकर इण्डारोहण चबूतरे वाले स्थल की सुरक्षा कराये जाने की व्यवस्था करे।

# रासेयो शिविर का समापन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** राजा हरवशं सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई का पूर्व प्राथमिक विद्यालय कूकड़ा इस्लामपुर में अंतिम दिवस समापन दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। इस क्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा ने स्वयंसेवक को का मार्गदर्शन किया। उसके उपरांत पर्यवेक्षक चारू राजपूत ने स्वयंसेवक को अनेक प्रकार की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत कुमार सेवानिवृत्त शिक्षक धर्मेंद्र सिंह, उमेशचंद्र गहलौत, रघुवीर सिंह, जयपाल सिंह, अवनीश कुमार, सागर सिंह, कौशल सिंह, पवित्र कुमार, गजेंद्र सिंह, कावेन्द्र कुमार, जयपाल सिंह, रजनीश कुमार, वंदना कुमारी, भाषा रानी आदि उपस्थित रहें।

# बिजनौर-नगीना रेलवे फाटक बंद, यातायात प्रभावित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेल पथ की मरम्मत के लिये बिजनौर-नगीना रेलवे फाटक आज प्रात: 7 बजे से बंद कर दिया, जो 22 जनवरी की शाम 8 बजे तक बंद रहेगा। रेलवे फाटक बंद होते ही बिजनौर शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। चक्कर रोड पर यातायात का दबाव बढ़ने से सुबह से ही जाम की स्थिति है। सबसे अधिक परेशानी शुगर मिल क्षेत्र के निवासियों को झेलनी पड़ रही है। आज सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को वैकल्पिक मार्गो से काफी लम्बा चक्कर काटकर अपने-अपने विद्यालय पहुंचना पड़ा। लम्बी दूरी और जाम के कारण कई बच्चे समय से स्कूल नहीं पहुंच सके। नागरिकों का कहना है कि रेलवे ने अचानक एक दिन पहले रेलवे फाटक तीन दिन बंद रहने की सूचना देकर अपने कर्त्तव्य की इतिश्री कर ली, लेकिन रेलवे और नागरिक प्रशासन ने वैकल्पिक यातायात व्यवस्था के प्रयास इंतजाम नहीं किये, जिससे आम जन को परेशानी उठानी पड़ रही है। विशेष रूप से स्कूली बच्चों तथा शुगर मिल क्षेत्र के निवासियों और बिजनौर-नगीना मार्ग पर चलने वाले लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का यह भी कहना है कि रेल पथ की मरम्मत के नाम पर आये दिन फाटक बंद कर दिया जाता है, जबकि इस रेलवे ट्रैक से बहुत कम ट्रेने गुजरती हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



प्रतिभागी को प्रमाण पत्र देते डीटीओ और डीपीओ।

**हल्दौर ( चिंगारी )।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान हल्दौर पर आयोजित किए जा रहे नवनियुक्त अंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण का समापन जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चौबे ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण कर किया। समापन के अवसर पर प्रतिभागियो को सम्बोधित करते हुए डीटीओ व डीपीओ ने कहा कि कहा के पूरी लग्न तथा मेहनत से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने क्षेत्र में ईमानदारी से कार्य कर जनसेवा करें। प्रशिक्षण शिविर में विकास खण्ड स्योहारा और नजीबाबाद में नवनियुक्त 42 अंगनबाड़ी कार्यकत्रियो ने प्रतिभाग किया। शिविर में जिला रिसोर्स पर्सन बबली, डीसी रविकांत तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी सतीश कुमार, मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिभाग किया। समापन समारोह के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी शारदा रानी ने भी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि प्रत्येक माह कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें अच्छा स्वास्थ्य पाने में सहयोग करें। शिविर में हिना प्रवीन, प्रीति, प्राची, नीलम गुलनाज़, नीतू रितु तथा वंदना आदि ने भाग लिया।

# महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर हुआ चायसेवा का समापन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर पिछले कई दिनों से निरंतर जारी नि:शुल्क कुल्हड़ चाय सेवा का समापन हो गया है।साहित्य विहार कॉलोनी निवासी डॉ. मोहित शर्मा द्वारा पिछले कई दिनों से निरंतर जारी निशुल्क कुल्हड़ चाय सेवा काफ़ी चर्चा में रही। नि:स्वार्थ भाव से की जा रही चाय सेवा के समापन पर राजीव सिसोदिया पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बिजनौर, चिंगारी संपादक सूर्यमणि रघुवंशी, अंकुर गौतम नगर अध्यक्ष भाजपा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की पुण्यतिथि के दिन ही नि:शुल्क चाय सेवा का समापन किया गया। डॉ. मोहित शर्मा ने जनवरी के प्रथम सप्ताह से शुरू की गई नि:शुल्क चाय सेवा का सहयोग देने के लिए अपनी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। चाय सेवा में पंकज शर्मा, राजीव कश्यप, राजीव शर्मा दानी, दीपक कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, प्रो. अजय राणा, शरद शर्मा, सिद्धार्थ लंकेश, मयंक, पारस वत्स, पवन कुमार शर्मा, सुनील भारद्वाज, विजयपाल सिंह आदि का सहयोग रहा।

# साइना नेहवाल ने लिया संन्यास

## वो लड़की जिसने देश को सपने दिये और भारत का गर्व बनकर विदा हुई

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय बैडमिंटन में पहला ओलंपिक पदक दिलाकर इतिहास रचने वाली साइना नेहवाल देश की पहली बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 2012 में लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर भारतीय खेल के इतिहास में नया अध्याय लिखा। साइना नेहवाल का रिटायर होना एक युग का अंत है। उन्होंने भारत को सिर्फ मेडल नहीं दिए, उन्होंने भारत को लड़ने की इच्छा और हार न मानने की आदत दी। भारतीय बैडमिंटन की पोस्टर गर्ल और ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने प्रोफेशनल बैडमिंटन से सोमवार को संन्यास का ऐलान कर दिया। वह लंबे समय से घुटने की गंभीर समस्या से जूझ रही थीं। साइना ने कहा कि अब उनका शरीर एलीट स्तर के खेल की शारीरिक मांगों को सहन करने की स्थिति में नहीं है। साइना का सफर इतना आसान नहीं रहा है। उन्हें कई मुश्किलों और संघर्षों से जूझना पड़ा।



17 मार्च 1990 को हरियाणा के हिसार में जब एक बच्ची ने जन्म लिया तो परिवार में हर कोई खुश नहीं था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि दादी ने देखने से ही इनकार कर दिया, क्योंकि वह लड़की थी, लेकिन किसे पता था कि यही बच्ची एक दिन न सिर्फ अपनी दादी, बल्कि पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा करेगी। साइना जब आठ साल की थीं, परिवार हैदराबाद शिफ्ट हो गया। भाषा अजनबी थी, दोस्त नहीं थे, लेकिन एक सपना था, मां का सपना कि बेटी बैडमिंटन खेले। साइना की बैडमिंटन में एंट्री तभी हुई थी। साइना ने शुरू में कराटे भी सीखा और ब्राउन बेल्ट भी हासिल की, पर जल्द ही वह रैकेट की तरफ मुड़ीं। वजह- साइना की मां, जो खुद राज्य स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी रह चुकी थीं, उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए साइना ने रैकेट उठाया। लाल बहादुर स्टेडियम उनकी जिंदगी का पहला मैदान बना। सुबह चार बजे पिता उन्हें 25 किमी. दूर छोड़ते, पढ़ाई भी साथ चलती और शाम तक सिर्फ एक चीज दिमाग में रहती, जीत। कोचिंग और उपकरणों का खर्च बहुत ज्यादा था। परिवार परेशान था, लेकिन हार नहीं मानी। फिर एक दिन बदलाव आया, साइना राष्ट्रीय जूनियर टूर्नामेंट्स जीतने लगीं, स्पॉन्सर्स मिलने लगे, भारत को पहली बार एक ऐसी खिलाड़ी मिली जो खेल को बदलने जा रही थी। हरियाणा की इस शटलर ने अपने करियर की चमक बहुत जल्दी दिखा दी थी। साल 2008 में उन्होंने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप जीती और उसी साल बीजिंग ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

### सिर्फ जीत नहीं, इतिहास रचने वाली लड़की

2008 में बीजिंग ओलंपिक के दौरान वह क्वार्टरफाइनल तक पहुंचीं। वह पहली भारतीय महिला बनीं, जो वहां तक पहुंची, लेकिन यह केवल शुरुआत थी। इस दौरान उन्होंने वर्ल्ड नंबर-पांच वांग चेन को मात दी, हालांकि क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया की मारिया क्रिस्टिन यूलियांटी से हार गईं।

### यह विदाई नहीं, प्रेरणा है

साइना नेहवाल का रिटायर होना एक युग का अंत है। भारत में महिला बैडमिंटन की लोकप्रियता पीवी सिंधु, तन्वी शर्मा, उन्नति हुड्डा, अनुपमा उपाध्याय और आने वाली पीढ़ियों में जो दिखती है, उसकी नींव साइना ने रखी। उन्होंने भारत को सिर्फ मेडल नहीं दिये, उन्होंने भारत को चुनने की हिम्मत, लड़ने की इच्छा, और हार न मानने की आदत दी। इसलिए जब वह चलीं तो तालियां कम थीं, पर सम्मान अनंत था। कहानी खत्म नहीं, इतिहास दर्ज हो गया।

### 2023- आखिरी प्रतियोगिता

सिंगापुर ओपन 2023 उनकी आखिरी प्रतियोगिता रही। लोग इंतजार कर रहे थे कि वह दिन आए जब वह संन्यास घोषित करेंगी, पर साइना ने चुप रहना चुना। बाद में एक पॉडकास्ट में कहा, मैंने दो साल पहले ही खेलना बंद कर दिया था। खेल मेरे फैसले से शुरू हुआ और मेरे ही फैसले से बंद हुआ, मुझे अलग से घोषणा करने की जरूरत नहीं लगी। यह किसी सम्राट का विदाई भाषण नहीं, बल्कि एक योद्धा की चुप जीत थी।

## अंडर-19 विश्वकप: श्रीलंका ने आयरलैंड को 106 रनों से हराया

**विंडहोक (एजेंसी/चिंगारी)।** कप्तान विमथ दिनसारा (95) और चमिका हेनातिगाला (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के बाद डुलनिथ सिगेरा (चार विकेट) और रासिथ निमसारा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर श्रीलंका ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप के 13वें मुकाबले में आयरलैंड को 106 रनों से शिकस्त दी।




268 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड को श्रीलंकाई गेंदबाजों ने 40.1 ओवरों में 161 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 106 रनों से अपने नाम कर लिया। रूबेन विल्सन ने आयरलैंड के लिए सर्वाधिक 32 रन बनाये। वहीं कप्तान ओलिवर रिले 31 रन बनाकर नाबाद रहे। रॉब ओब्रायन (17) और सेबेस्टियन डिज्क्स्ट्रा (10) रन बनाकर आउट हुये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए डुलनिथ सिगेरा (चार विकेट) और रासिथ निमसारा (तीन विकेट) लिये। सेठमिका सेनेविरत्ने, कुगथास मथुलन, वीरन चामुदिथा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 59 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। दिमंथा महाविथान (नौ), विरान चामुदिथा (छह) और दुलनिथ सिगेरा (22) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कविजा गमागे ने कप्तान विमथ दिनसारा के साथ पारी को संभाला।

## निशानेबाजी ट्रायल्स के पहले दिन मानिनी और ऐश्वर्य ने 50मी. राइफल प्रोन में शीर्ष पर

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** राजस्थान की मानिनी कौशिक ने सोमवार को 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में और वर्ल्ड चैंपियनशिप रजत पदक विजेता ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में स्पर्धा के सिलेक्शन ट्रायल वन में क्रमश: महिलाओं और पुरुषों के वर्ग में शीर्ष में जगह बनाई। यहां डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में राइफल/पिस्टल नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स एक और दो (ग्रुप ए) के पहले दिन मानिनी कौशिक ने महिलाओं के 50 मीटर राइफल प्रोन टी1 में कुल 625.0 अंकों के साथ शीर्ष पर रही। उन्होंने 104.7, 104.2, 102.3, 104.6, 104.2, और 105 के साथ शांत और संतुलित



सीरीज-दर-सीरीज प्रदर्शन के आधार पर हासिल किया। कर्नाटक की तिलोत्तमा सेन 622.6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि केरल की विदार्सा के विनोद 622.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के पांचवें से आठवें स्थान पर रहे एथलीटों के बीच सिर्फ 0.4 अंकों का अंतर था। झारखंड की सुप्रिया कुमारी (621.7) चौथे स्थान पर रहीं, जो आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट की मौजूदा नेशनल चैंपियन प्रिया (620.7) से आगे थीं। हरियाणा की निश्चल (620.6), मध्य प्रदेश की आशी चौकसे (620.5) और पंजाब की सिफ्ट कौर समरा (620.4) शीर्ष आठ में शामिल थीं।

## रांची रॉयल्स ने एचआईएल जीसी को 4-1 से हराया

**भुवनेश्वर (एजेंसी/चिंगारी)।** रांची रॉयल्स ने सोमवार को चार क्वार्टर के बाद 4-4 से रोमांचक ड्रॉ के बाद हुए शूटआउट में एचआईएल जीसी को हराया। आज यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में हुए एक रोमांचक पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में निर्धारित समय में स्कोर बराबर रहने के बाद रांची रॉयल ने शूटआउट में एचआईएल जीसी को 4-1 से हराया। रांची रॉयल्स के लिए अराइजीत सिंह हुंदल ने (19वें, 32वें), सैम लेन ने (42वें) और टॉम बून ने (57वें) मिनट में गोल किए, जबकि एचआईएल जीसी के लिए ललित कुमार उपाध्याय ने (25वें, 53वें), केन रसेल ने (36वें) और सुदीप चिर्माको ने (39वें) मिनट में गोल किए।

## डब्ल्यूपीएल आरसीबी ने गुजरात जायंट्स को 61 रनों से हराया

**वडोदरा (एजेंसी/चिंगारी)।** गौतमी नायक (73) की अर्धशतकीय पारी के बाद सयाली सातघरे (तीन विकेट) और एन डी क्लार्क (दो विकेट) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 12वें मुकाबले में गुजरात जायंट्स को 61 रन से हरा दिया। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जायंट्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 56 के स्कोर तक अपने छह विकेट गंवा दिये।



# दो लाख की स्मैक के साथ दो नशा तस्कर आये हाथ



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर जनपद को नशा मुक्त बनाने और नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस बरेली से कोटद्वार में सप्लाई के लिए 2 लाख से अधिक मूल्य की स्मैक ला रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल ने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों और नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। चेकिंग के दौरान कल संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो युवकों की तलाशी ली गई। उनके कब्जे से 2.15 लाख मूल्य की 7.19 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सचिन रावत पुत्र हरेंद्र रावत निवासी नया गांव, आयुष रतुडी पुत्र मनोज रतुडी पदमपुर कोटद्वार बताया। नशा तस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शोएब अली, कांस्टेबल चंद्रपाल, कुलदीप, गम्भीर व हरीश शामिल थे।

# सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज प्रत्येक प्रकरण गंभीरता के साथ समयबद्ध करें निस्तारण

## डीएम ने शिकायतों की ली समीक्षा बैठक



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज प्रत्येक प्रकरण को पूर्ण गंभीरता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन मुख्यमंत्री स्तर की प्राथमिक शिकायत निवारण व्यवस्था है, ऐसे में इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने जानकारी ली जिन मामलों में अनावश्यक विलंब पाया, उनमें तत्काल निस्तारण, गुणवत्तापूर्ण फीड बैक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायत के निस्तारण के उपरांत संतुष्टि आधारित एवं तथ्यपरक आख्या सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कृष्ण कुमार मिश्रा, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी स्मृता परमार उप जिलाधिकारी मुख्यालय अपूर्वा सिंह, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, उप नगर आयुक्त नगर निगम संतोष कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रमुख प्रतिष्ठानों एवं बैंकों में सीसीटीवी कैमरों की चैकिंग शुरू



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के दिशा-निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं जन-सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा ज्वेलर्स शॉप, प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों, दुकानों एवं बैंकों में निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता, उनकी कार्यशील स्थिति, रिकॉर्डिंग व्यवस्था, कैमरों की दिशा एवं कवरेज क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि किसी भी आपराधिक घटना की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। जिन प्रतिष्ठानों अथवा बैंकों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित नहीं पाये गये, उन्हें सुरक्षा की दृष्टि से अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित एवं जागरूक किया जा रहा है। साथ ही, पहले से लगे कैमरों को हमेशा क्रियाशील अवस्था में रखने एवं पर्याप्त अवधि तक रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिये जा रहे हैं।

# इंडो-नेपाल दौड़ स्पर्धा में विजयी सृष्टि हुई सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से सोमवार को संगठन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इंडो-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप की दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली बालासौड़ कोटद्वार निवासी धावक सृष्टि सैनी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे परिवार ने बेटी सृष्टि की छिपी प्रतिभा को पहचाना और अपनी तंगी को उसकी राह में बाधा नहीं बनने दिया। इस बात का पता चलने पर संगठन की ओर से उनकी मदद की गई थी। वहीं सृष्टि ने दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। कहा कि भविष्य में भी संगठन की ओर से उसकी हर संभव मदद की जायेगी। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह बिष्ट आर पी पंत, रिपुदमन बिष्ट, जयवीर सिंह रावत, महेंद्र अग्रवाल, जयभारत असवाल, सुनील नवानी, केशर सिंह चौहान और शंकरदत्त गौड़ आदि उपस्थित रहे।

# भर्ती में दौड़े 1100 प्रतिभागी, सिर्फ 600 को मिली कामयाबी

## अग्निवीर भर्ती रैली का पांचवां दिन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन की ओर से कोटद्वार के कौड़िया स्थित गबर सिंह कैंप में चल रही भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के पांचवें दिन सोमवार को रुद्रप्रयाग जिले की बसुकेदार और जखोली तहसील, टिहरी जिले की बालगंगा, देवप्रयाग, धनोल्टी, गजा और घनसाली तहसीलों के लगभग 1100 युवाओं ने रैली में प्रतिभाग किया, जिसमें से लगभग 600 युवा ही दौड़ पास कर पाए। पांचवें दिन भी मौसम ने युवाओं का पूरा साथ दिया और सुबह से ही धूप खिली रही। भर्ती रैली के लिए सुबह चार बजे से प्रवेश स्थल काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में युवा जुटने शुरू हो गए थे। आधार कार्ड सत्यापन व प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को भर्ती मैदान में ले जाया गया। इस दौरान युवाओं ने शारीरिक मापदंड में अपना दमखम दिखाया। सेना की ओर से निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने वाले युवा शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए जाएंगे। सेना के विशेषज्ञ शारीरिक दक्षता और शिक्षा विभाग के कर्मचारी उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच करेंगे। इसके बाद चयनित युवाओं का मेडिकल परीक्षण होगा। वहीं भर्ती रैली में आए युवाओं ने प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। भर्ती में आज टिहरी की कीर्तिनगर, पावकी देवी, मदन नेगी, जाखणीधार, कंडीसेरा, नैनबाग, नरेंद्र नगर, प्रतापनगर और टिहरी तहसीलों के 1029 युवाओं के साथ ही पौड़ी जिले की यमकेश्वर तहसील के 171 अभ्यर्थी रैली में हिस्सा ले रहे है।

# कोहरे के मद्देनजर, रोटरी क्लब ने वाहनों पर लगाये रिफ्लेक्टर




वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते रोटरी क्लब सदस्य।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की ओर से सोमवार को यातायात पुलिस के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा माह अभियान के अन्तर्गत सर्दियों के मौसम में कोहरे व कम दृश्यता के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये। तिलवाढ़ाग पुल पर आयोजित उक्त कार्यक्रम का आरंभ रोटरी क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन व यातायात निरीक्षक सन्दीप तोमर ने किया। क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा कि रिफ्लेक्टर टेप से अन्धेरे, कोहरे व रात मे दूर से ही वाहन नजर आ जाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका कम हो जाती है। यातायात निरीक्षक सन्दीप तोमर ने कहा कि रिफ्लेक्टर टेप लगाने से पीछे से आने वाले वाहन चालक समय रहते सतर्क हो जाते हैं तथा दुर्घटना से बचाव होता है। तत्पश्चात क्लब सदस्यों व पुलिस कर्मियो द्वारा वाहनो मे रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये। इस अवसर पर रोटरी क्लब सचिव विजय कुमार, उपाध्यक्ष डीपी सिंह, कार्यक्रम संयोजक ज्योति स्वरूप उपाध्याय, गोपाल बसंल, मनीष अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, अशोक अग्रवाल और राजेश गुप्ता सहित रोटरी क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान नियम उल्लंघन करने पर 102 वाहनों के चालान

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत उप संभागीय परिवहन ऋषिकेश में सड़क सुरक्षा जागरूकता मनाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत परिवहन विभाग द्वारा ऋषिकेश क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर दोपहिया वाहनों में नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा रही है, जिसमें श्यामपुर-नेपाली फार्म- रायवाला, हरिपुर कला मार्ग आईडीपीएल, एम्स मार्ग, कोयल घाटी मार्ग ऋषिकेश शहर, रानी पोखरी, थानों मार्ग पर कार्रवाई में 102 वाहनों के चालान किये गये, जिसमें से 64 वाहनों के बिना हेलमेट पहने वाहन संचालन, 09 वाहनों के मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर चालान किये गये। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत चार्ल्स बेन पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। समस्त छात्रों को परिवहन सहायक निरीक्षक जेठू सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई साथ ही परिवहन सहायक निरीक्षक परमेंद्र कोहली ने नेपाली फार्म क्षेत्र में विक्रम संगठन के साथ मिलकर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के बैनर, पोस्टर भी लगाये गये।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पाकिस्तान बनने का मकसद पूरा होने वाला है- मुनीर

## इस्लामी देशों के बीच इसका खास दर्जा, इसकी अहमियत अब और बढ़ेगी

**इस्लामाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने दावा किया कि इस्लाम के नाम पर बने पाकिस्तान का असली मकसद पूरा होने वाला है। उन्होंने ये बात रविवार को लाहौर में पाकिस्तानी अखबार द न्यूज इंटरनेशनल से कही। आसिम मुनीर यहां पूर्व पीएम शहबाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के वलीमा (रिसेप्शन) में शामिल होने आए थे। इसमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ, मरियम नवाज, कई सीनियर नेता, मंत्री और सैन्य अधिकारी मौजूद थे।



इस बातचीत में आसिम मुनीर ने कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को एक ऐतिहासिक मौका दिया है, ताकि वो अपने बनने का मकसद हासिल कर सके और देश तेजी से उसी तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर बना था और आज उसे इस्लामिक देशों के बीच एक खास दर्जा हासिल है। अब इसकी अहमियत और ज्यादा बढ़ेगी। आसिम मुनीर ने दावा किया कि दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है। जब उनसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अगर उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई सराहना मिल रही है, तो वह भी अल्लाह की मेहरबानी है। उन्होंने कहा कि असल में यह पाकिस्तान को मिली पहचान है, किसी एक इंसान को नहीं। उनके इस बयान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हुई मुलाकातों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आसिम मुनीर और शहबाज शरीफ ने ट्रम्प को पाकिस्तान में दुर्लभ खनिजों और कच्चे तेल के रिसोर्स का भरोसा भी दिलाया, जिनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। आसिम मुनीर ने अप्रैल 2025 में इस्लामाबाद में हुए ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन में कहा था कि टू नेशन थ्योरी ही पाकिस्तान की बुनियाद है। उन्होंने कहा था कि मुसलमानों और हिंदुओं के बीच बुनियादी फर्क है और दोनों एक नहीं, बल्कि अलग-अलग राष्ट्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की नींव कलमा पर टिकी है।




# सहारनपुर में पांच लोगों की मौत से हड़कंप

## संग्रह अमीन व परिवार के गोली लगे शव घर में पड़े मिले

**सहारनपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में सरसावा कस्बे में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक किराए के मकान में संग्रह अमीन और उनके परिवार के पांच सदस्यों के गोली लगे शव बरामद हुए। मृतकों में संग्रह अमीन अशोक (40), उनकी मां विद्यावती (70), पत्नी अंजिता (35) और दो बेटे कार्तिक (16) व देव (13) शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अशोक को कनपटी पर गोली लगी, जबकि उनकी मां, पत्नी और दोनों बेटों को माथे पर गोली मारी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अनुसार अशोक नकुड़ तहसील में संग्रह अमीन के पद पर कार्यरत था और परिवार के साथ सरसावा में किराए के मकान में रह रहा था। घटनास्थल से एक तमंचा भी बरामद किया गया है।

### आत्महत्या की आशंका, हर पहलू पर जांच

पुलिस फिलहाल मामले को आत्महत्या की आशंका के तहत जांच रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। सहारनपुर पुलिस इस संभावना को भी खंगाल रही है कि परिवार में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ हो और गुस्से में फायरिंग की गई हो, साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि कहीं किसी बाहरी व्यक्ति ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम तो नहीं दिया। पुलिस परिवार के किसी से विवाद, लेन-देन या दुश्मनी के बिंदुओं पर भी पड़ताल कर रही है। आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और पड़ोसियों से पूछताछ की जा रही है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके धुव्रिका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक असली इलैक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
EXperiance Minimum 1 Years
(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911